दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-17 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 21 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ सिस्टम, 7 राज्यों में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट

### मौसम ने अचानक ली करवट, जाते-जाते सर्दी लौटी



नई दिल्ली,(ए)। मौसम ने अचानक करवट ले ली, जिसके चलते सर्दी जाते-जाते फिर लौट आई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 20 से 24 फरवरी के बीच देश के कई हिस्सों में तेज बारिश, गरज-चमक, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय समुद्री सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ों से लेकर दक्षिण भारत तक मौसम असामान्य रहने का अनुमान है।

आईएमडी के मुताबिक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। कई इलाकों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। बारिश के कारण तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने का अनुमान है। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और श्रीलंका तट के आसपास समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं। मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। तेज आंधी और बिजली गिरने से जनजीवन प्रभावित हो सकता है।दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश और 40-50 किमी प्रति घंटे की हवाओं की संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 26 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री रह सकता है। बारिश के बाद प्रदूषण स्तर में अस्थायी सुधार हो सकता है, हालांकि ट्रैफिक और उड़ानों पर हल्का असर पड़ सकता है।उत्तराखंड के देहरादून, नैनीताल, चमोली और पिथौरागढ़ में 22 से 24 फरवरी के बीच बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और मनाली में भी बर्फबारी की चेतावनी है। जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश और बर्फबारी से ठंड बढ़ सकती है।

पूर्वी और मध्य भारत के राज्यों बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी तेज हवाओं और हल्की बारिश का असर रहेगा। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश की संभावना है। आईएमडी ने नागरिकों को मौसम अपडेट पर नजर रखने और प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

## बाबर के नाम पर मस्जिद पर बैन की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मुगल सम्राट बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण, स्थापना या नामकरण पर रोक लगाने का निर्देश मांगने वाली एक याचिका को स्वीकार करने से मना कर दिया है।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने याचिका को स्वीकार करने में शुक्रवार को अनिच्छा दिखाई, जिसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने कहा, खारिज किया गया, क्योंकि इसे वापस लिया गया।

## प्रदर्शन के दौरान हादसा, पुतला फूंकने के दौरान भड़की आग; लपटों में घिरकर जलने लगा पुलिसकर्मी



मैहर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के मैहर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान लापरवाही की एक खौफनाक तस्वीर सामने आई है। शुक्रवार सुबह प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंकने के दौरान उसे छीनने की कोशिश कर रहे ट्रैफिक टीआई विक्रम सिंह पाठक अचानक आग की चपेट में आ गए। इस दौरान एक बेहद असंवेदनशील स्थिति भी देखने को मिली, जब साथी पुलिसकर्मी आग की लपटों से घिरे टीआई को बचाने की जद्दोजहद कर रहे थे, तब वहां मौजूद कांग्रेसी कार्यकर्ता बेपरवाह होकर नारेबाजी करते रहे। इस दर्दनाक हादसे में टीआई कमर और पीठ के पास से गंभीर रूप से झुलस गए हैं और उन्हें मैहर के सिविल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

**पेट्रोल डालकर पुतला फूंकने से हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, एक दिन पहले विधानसभा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को लेकर 'औकात' में रहने जैसी विवादित टिप्पणी की थी। इसी के विरोध में शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे मैहर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया जा रहा था।

जब कार्यकर्ता पेट्रोल जैसे ज्वलनशील पदार्थ डालकर पुतले में आग लगा रहे थे, तभी टीआई विक्रम पाठक ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। ज्वलनशील पदार्थ के कारण आग अचानक तेजी से भड़क उठी और टीआई सीधे लपटों की चपेट में आ गए। पलक झपकते ही उनकी वर्दी ने आग पकड़ ली, जिससे उनकी कमर, पीठ, जांघ और हाथ का कुछ हिस्सा बुरी तरह से झुलस गया। हालत की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जल्द ही जिला अस्पताल या जबलपुर रेफर किया जा सकता है।

## टीवी की वॉल्यूम को लेकर हुई लड़ाई, नाराज पत्नी ने किया चाकू से हमला, तड़प-तड़प कर पति की मौत

आंध्रप्रदेश, (आरएनएस )। आंध्र प्रदेश के गुन्टूर जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मामूली विवाद के चलते हुई लड़ाई में एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 27 वर्षीय शेख अहमद के रूप में हुई है, जो पेशे से एसी मैकेनिक थे। अहमद यह मंगला गिरी स्थित TIDCO हाउसिंग कॉलोनी में अपनी पत्नी के साथ रहता था। दोनों पति-पत्नी में टीवी की आवाज कम करने को लेकर बहस हो गई जिसके बाद अहमद की पत्नी ने उसकी हत्या कर दी।पुलिस के मुताबिक घटना उस समय हुई जब अहमद ने अपनी पत्नी से टीवी की आवाज कम करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। बहस अचानक हिंसक हो गई और गुस्से में आकर पत्नी ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिया।


## खजुराहो नृत्य समारोह हमारी राष्ट्रीय धरोहर : मुख्यमंत्री डॉ यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नटराज थीम पर केन्द्रित अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया संबोधित

भोपाल (आरएनएस )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह हमारी राष्ट्रीय धरोहर है। खजुराहो ऐसा स्थान है जहां पत्थरों में प्राण होते हैं। खजुराहो में स्थित कंदरिया महादेव मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, वामन मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, पार्वती मंदिर सहित देवालयों के परिवार विद्यमान हैं। शौर्य और रत्नों की धरती में कलाओं का संगम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में शुक्रवार को प्रारंभ हुए शास्त्रीय नृत्यों के 7 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समारोह को आज वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि संस्कृति के साथ सनातन संस्कृति को जोड़ने की दिशा में आह्वान किया है। मध्यप्रदेश सरकार विविध कलाओं के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। इसलिए मध्यप्रदेश के बजट में संस्कृति विभाग की







गतिविधियों के लिये भी राशि में वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो नृत्य समारोह में पधारे शीर्ष नृत्य कलाकारों और नृत्य शैलियों के प्रतिनिधियों का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धरोहर है। इस वर्ष 52वाँ खजुराहो नृत्य समारोह भगवान नटराज को समर्पित किया गया है, जिसके लिये संस्कृति विभाग बधाई का पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह का आयोजन भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को देव नटेश भगवान शिव से जोड़ने का यह अनूठा प्रयास है। मध्यप्रदेश में पधारने वाले कला साधक पुन: यहां आना चाहते हैं।शुभारंभ अवसर पर संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (राज्य मंत्री) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और सांसद खजुराहो वी.डी. शर्मा सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने चार पुस्तकों का विमोचन भी किया। इन पुस्तकों में नटराज — भगवान शिव के नृत्य मुद्रा के करण, खजुराहो एवं नृत्य समारोह केंद्रित कॉफी टेबल बुक, बुंदेली — इतिहास, संस्कृति और गौरव, बुन्देलखण्ड — मध्यप्रदेश की अमूल्य विरासत सम्मिलित थी।

## मप्र विधानसभा में इंदौर के दूषित जल कांड पर हंगामा, सदन में चर्चा नहीं होने पर कांग्रेस ने किया बहिर्गमन

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को इंदौर के भागीरथपुरा और आसपास के क्षेत्रों में दूषित पेयजल से हुई मौतों लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। इस मामले को लेकर विपक्ष द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होने से नाराज कांग्रेस विधायकों ने भारी हंगामा करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। विधानसभा में शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और अन्य सदस्यों ने इंदौर के भागीरथपुरा मामले को लेकर स्थगन प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए या नहीं, इसी पर सदन में बहस शुरू हुई और माहौल गरमा गया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कहा कि यह घटना बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। पीड़ितों के इलाज, पानी की जांच और नई पाइपलाइन का काम शुरू किया गया। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई भी की गई है।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को बड़ा झटका, टैरिफ को बताया गैरकानूनी; कहा-राष्ट्रपति को अधिकार नहीं

न्यूयॉर्क (ए.)। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को रद्द कर दिया। ये टैरिफ एक आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत लगाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के दूसरे देशों पर लगाए गए टैरिफ को अवैध बताया है। साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है।कोर्ट का यह फैसला ट्रंप की आर्थिक नीतियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। एजेंसी AP के मुताबिक, यह मामला ट्रंप के एजेंडे का पहला बड़ा मुद्दा था, जो सीधे सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा।



दरअसल, अप्रैल 2025 में ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए दुनिया के कई देशों से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ यानी आयात शुल्क लगा दिए थे।

टैरिफ का मतलब होता है कि किसी देश से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगाया जाए, ताकि वह महंगा हो जाए और घरेलू कंपनियों को फायदा मिले। ट्रम्प का दावा है कि इन टैरिफ्स से अमेरिका को 600 अरब डॉलर से ज्यादा राजस्व मिला है। ट्रम्प के मुताबिक, यह पैसा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है और देश को विदेशी निर्भरता से बचाता है, इसलिए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर देखना सही है।

## दिल्ली के एआई समिट में यूथ कांग्रेस का जोरदार हंगामा, भारत मंडपम में टी-शर्ट खोलकर की नारेबाजी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित हो रहे हाई-प्रोफाइल 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद जमकर हंगामा देखने को मिला। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता सुरक्षा घेरा तोड़कर मुख्य हॉल के पास पहुंच गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आक्रामक नारेबाजी करते हुए PM is Compromised के नारे लगाने लगे। जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त समिट में देश-विदेश के कई दिग्गज नेता और प्रतिनिधि मौजूद थे। अचानक हुए इस बवाल के बाद सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया।

## तारिक रहमान के पीएम बनते ही बड़ा फैसला, बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए फिर से शुरू की वीजा सेवाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से चल रही कड़वाहट अब धीरे-धीरे दूर होती नजर आ रही है। दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई



कमीशन ने शुक्रवार को भारतीय नागरिकों के लिए अपनी वीजा सेवाएं पूरी तरह से बहाल कर दी हैं। यह अहम फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब महज तीन दिन पहले ही तारिक रहमान ने बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के रूप में देश की कमान संभाली है। इस कदम को रहमान और उनकी पार्टी बीएनपी (BNP) की तरफ से नई दिल्ली के साथ रिश्तों की कड़वाहट को दूर करने और संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में दोनों देशों के रिश्तों में भारी गिरावट के बाद वाणिज्य दूतावास और वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई थी। यह तनाव भारत-विरोधी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद भड़का था, जिसके चलते बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक प्रदर्शन हुए थे।





## ज्वैलर से व्हाट्सएप पर मांगी फिरौती, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस ने आरोपी लादेन को दबोचा

जोधपुर/सरदारपुरा (आरएनएस)। जोधपुर में अपराधियों केखिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति का असर दिखने लगा है। सरदारपुरा इलाके में एक प्रतिष्ठित ज्वैलर को जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दस्तयाब कर लिया है। क्या है पूरा मामला?

सरदारपुरा 11 बी रोड निवासी ज्वैलर कमल सिंधी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 फरवरी की दोपहर को उनके पास एक अज्ञात व्यक्ति का व्हाट्सएप कॉल आया।

धमकी और फिरौती: कॉल करने वाले ने ज्वैलर से फिरौती की रकम मांगी और पैसे न देने पर जान से मारने की गंभीर धमकियां दीं।

पुलिस की कार्रवाई: पीड़ित की शिकायत पर सरदारपुरा थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 308(4) और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश जी के निर्देशन में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिरों की सहायता से आरोपी को ट्रैक किया।

आरोपी गिरफ्तार: पुलिस ने लादूराम मेघवाल उर्फ लादेन नाम के युवक को दस्तयाब किया है।

जांच जारी: इस मामले की विस्तृत जांच सब इंस्पेक्टर विश्राम जी द्वारा की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या आरोपी किसी बड़े गैंग से जुड़ा है या उसने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया।

## भारत ने 'पैक्स सिलिका' गठबंधन में शामिल होने का किया ऐलान, एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में मिलेगी नई उड़ान





नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अमेरिकी नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन 'पैक्स सिलिका' (Pa& Sili-ca) में शामिल होने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इस महत्वपूर्ण घोषणापत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद अब भारत को क्रिटिकल मिनरल्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के लिए अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने में भारी मदद मिलेगी। इस वैश्विक साझेदारी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मेटल्स) के आयात के लिए भारत की चीन पर भारी निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी। साथ ही, तकनीक के इस अहम क्षेत्र में ड्रैगन के एकाधिकार और प्रभुत्व को भी कड़ी चुनौती मिलेगी।

**इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हुआ ऐतिहासिक समझौता**

राजधानी नई दिल्ली में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान इस अहम घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना और भविष्य के नेक्स्ट जेनरेशन बिजनेस के लिए जरूरी संसाधनों तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करना है। यह कदम प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (India-US Trade Deal) को अंतिम रूप देने और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है। ज्ञात हो कि पैक्स सिलिका की शुरुआत पिछले साल दिसंबर में वाशिंगटन में आयोजित एक समिट में हुई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, इज़राइल, जापान, कतर, साउथ कोरिया, सिंगापुर, यूएई और यूके जैसे कई प्रमुख देश शामिल हुए थे। अमेरिकी आर्थिक मामलों के उप सचिव जैकब हेलबर्ग के नेतृत्व में काम कर रहा यह गठबंधन 20वीं सदी की तेल-इस्पात निर्भरता से निकलकर 21वीं सदी में सिलिकॉन और महत्वपूर्ण खनिजों द्वारा संचालित अर्थव्यवस्था की ओर एक बड़े बदलाव का प्रतीक है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को मिलेगा जबरदस्त बूम**

पैक्स सिलिका का अहम साझेदार बनने से भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को भी सीधा और तगड़ा फायदा पहुंचने वाला है। देश में पहले से ही 10 सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं और कई अन्य पर तेजी से काम चल रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही देश का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र कमर्शियल प्रोडक्शन भी शुरू कर देगा। इस मौके पर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस पहल को 21वीं सदी की आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था को आकार देने वाला एक बेहद जरूरी रणनीतिक गठबंधन करार दिया।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई इम्पैक्ट समिट में नीवक्लाउड के स्टॉल का किया अवलोकन



## नीवक्लाउड के सीईओ से किया संवाद

भोपाल (निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 नई दिल्ली में नीवक्लाउड के प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही नीवक्लाउड के फाउंडर एवं सीईओ श्री नरेन्द्र सेन से कंपनी की गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्री सेन ने बताया कि इंदौर आधारित नीवक्लाउड की स्थापना भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई है।

कंपनी स्वदेशी एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है, जिससे देश का डेटा देश में ही सुरक्षित रह सके। नीवक्लाउड और रैकबैंक के साथ वर्तमान में 150 से अधिक कुशल प्रोफेशनल्स कार्यरत हैं, जो इंजीनियरिंग, एआई, क्लाउड, डेटा सेंटर ऑपरेशंस और रिसर्च के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। श्री सेन ने बताया कि कंपनी स्वदेशी एआई चिप के विकास की दिशा में भी कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य विदेशी निर्भरता कम करना, संवेदनशील डेटा को देश में सुरक्षित रखना और रणनीतिक तकनीक पर भारत का नियंत्रण सुनिश्चित करना है। अब तक 700 करोड़ रुपये का निवेश सुरक्षित किया जा चुका है और आगामी पाँच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर्स और सेमीकंडक्टर तकनीक के विकास के लिए प्रस्तावित है। रैकबैंक के माध्यम से ऊर्जा-कुशल और हाई-डेंसिटी एआई डेटा सेंटर्स स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे रोजगार सृजन और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एआई, क्लाउड और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस प्रकार के नवाचार देश को डिजिटल क्षेत्र में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## शिक्षा के मंदिरों से हो भारतीयता के भाव का उद्घोष : मंत्री श्री परमार

भोपाल (निप्र.)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों को संचालित करने के लिए विभिन्न प्रकार की जटिल अनुमतियों को समाप्त करते हुए एक ऐसी व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिसके द्वारा शैक्षणिक संस्थानों को ज्ञान के केन्द्र के रूप में स्थापित करने का अवसर मिलेगा तथा विभिन्न विसंगतियां भी समाप्त हो सकेंगी। विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025; भारत की उच्च शिक्षा नियामक संरचना को आधुनिक एवं एकीकृत बनाने का समग्र प्रयास है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह विधेयक संसद में प्रस्तुत किया गया है। इस विधेयक के लिए देश भर के लोगों से सुझाव भी मांगे जा रहे हैं। मध्यप्रदेश से भी सुझाव जाने चाहिए, इसके लिए आवश्यक है कि सही परिप्रेक्ष्य में और सही तथ्यों के साथ, प्रदेश की बात संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) तक पहुँचे। मंत्री श्री परमार ने कहा कि यह विधेयक, शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करेगा। मंत्री श्री परमार शुक्रवार को भोपाल स्थित मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के सभागार में, विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 विषय पर आयोजित एक दिवसीय संविमर्श आनन्दशाला का शुभारम्भ कर, विधेयक की प्रासंगिकता के आलोक में अपने विचार साझा कर रहे थे। मंत्री श्री परमार ने कहा कि शिक्षा के मंदिरों से भारतीयता के भाव का उद्घोष होना चाहिए। पराधीनता के पदचिन्हों को अंतिम विदाई देते हुए, हर क्षेत्र-हर विषय में भारतीय दृष्टि से समृद्ध विचार मंथन की आवश्यकता है।



## पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपियो को तीन साल का कठोर कारावास



भोपाल(ए.)। अपर सत्र न्यायाधीश प्रीति साल्वे की कोर्ट ने जीआरपी भोपाल की टीम पर हमला करने के मामले के आरोपी शकील खान पुत्र शरीफ खान (38) निवासी सेमरा रेलवे स्टेशन दीवानगंज सलामतपुर रायसेन को दोषी ठहराते हुए तीन साल के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। जानकारी के मुताबिक 14 फरवरी 2018 को जीआरपी भोपाल के सब इंस्पेक्टर बालकृष्ण भारती मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भदभदा दीवानगंज और सलामतपुर रेलवे स्टेशनों पर रुकने वाली ट्रेनों के जनरल कोच में स्ट्राइकर के माध्यम से हार-जीत का दांव लगवाकर यात्रियों से मारपीट कर पैसे लूटने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए भोपाल-बिलासपुर ट्रेन से पुलिस टीम लेकर दीवानगंज स्टेशन पर उतरे थे। आरोपी शकील ने पुलिस बल के साथ झूमाझटकी कर जान से मारने की धमकी देते हुए सब इंस्पेक्टर बालकृष्ण भारती सहित अन्य आरक्षकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आरोपी के हमले से पुलिसकर्मियों की वर्दियां फट गई थीं। आरोपी के परिजन मौके पर पहुंचकर उसे पुलिस टीम से छुड़ा ले गए थे। जीआरपी भोपाल ने सब इंस्पेक्टर बालकृष्ण भारती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिंता की धारा-294, 332 और 392 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच के बाद जिला अदालत में चालान पेश किया था।

## भोपाल में अनूठा खेल महोत्सव

### 100 घंटे लगातार क्रिकेट खेलेंगे दिव्यांगजन, 'नॉट आउट@100' का आगाज़ आज से

भोपाल (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल खेल और सामाजिक समावेशन का ऐतिहासिक गवाह बनने जा रही है। यहां आगामी 22 से 26 फरवरी तक देशभर के दिव्यांगजन लगातार 100 घंटे क्रिकेट खेलकर अपनी प्रतिभा और जज्बे का प्रदर्शन करेंगे। 'नॉट आउट@ 100' नाम से आयोजित यह राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट खेल महोत्सव नेहरू नगर भौंरी स्थित पुलिस स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 22 फरवरी को सुबह 10 बजे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट खेल महोत्सव के कार्यक्रम संयोजक डॉ राघवेंद्र शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में दी। इस अवसर पर दिव्यांगजन आयुक्त डॉ अजय खेमरिया भी मौजूद रहे। डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि महोत्सव में मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और दिल्ली समेत कुल 8 राज्यों के दिव्यांग खिलाड़ी भाग लेंगे। स्थानीय दिव्यांगजन भी इसमें उत्साहपूर्वक हिस्सा लेंगे। आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे न्यास, टास्क इंटरनेशनल सहित अन्य संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है।

# पहली बार ऑनलाइन ऐप से होगी गिद्ध गणना

भोपाल (निप्र.)। प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025-26 में शीतकालीन गणना 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक सूर्योदय से सुबह 9.00 बजे तक प्रदेश के सभी 16 वृत्त एवं 09 टाईगर रिजर्व में गिद्ध गणना का कार्य वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों, डब्लू डब्लू.एफ., डब्लू.आई.आई. के प्रतिभागियों के अतिरिक्त स्वंय सेवक एवं फोटोग्राफरों के द्वारा मिलकर किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना की शुरूआत वर्ष-2016 से की गई थी जिसमें 7,028 गिद्धों का आंकलन किया गया था। गिद्ध गणना वर्ष-2025 में शीतकालीन गणना में 12710 एवं ग्रीष्मकालीन गणना वर्ष-2025 में 9509 गिद्धों का आंकड़ा प्राप्त हुआ था।मध्यप्रदेश में कुल 07 प्रजातियों के गिद्ध पाये जाते हैं, जिसमें से 04 प्रजातियों स्थानीय हैं एवं 03 प्रजातियाँ प्रवासी हैं, जो ठंड के समाप्त होते ही वापस चली जाती हैं। प्रथम चरण की गणना तब की जाती है जब उपरोक्त सभी प्रजातियों के गिद्ध घोंसले बनाकर अपने अंडे दे चुके होते हैं या देने की तैयारी में होते हैं। इसी प्रकार से फरवरी माह आने तक इन घोंसलों में अंडों से नवजात गिद्ध निकल चुके होते हैं तथा वे उड़ने की तैयारी करते होते हैं। इसलिये गणना करने के लिये शीत ऋतु का अंतिम समय उचित होता है जिससे स्थानीय तथा प्रवासी गिद्धों की गणना हो जाए।इस बार गिद्धों की गणना के लिये प्रथम बार ऑनलाइन ऐप तयार किया गया है, जिसके माध्यम से गिद्धों की गणना की जा रही है। ऐप के माध्यम से गणना किये जाने पर आंकड़ों के संकलन एवं रिपोर्ट तैयार करने में आसानी होगी। गत वर्षों में गणना ऑफलाइन की जाती रही है।



ऐप के माध्यम से गणना किये जाने के लिये मास्टर ट्रेनर्स, अशासकीय संस्थाओं एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।गिद्धों की गणना के लिये गणनाकर्मी एवं स्वयंसेवक आदि सूर्योदय के तत्काल बाद प्रथम चरण में चयनित गिद्धों के घोंसलों के समीप पहुंच जाएंगे और घोंसलों के आसपास बैठे गिद्धों एवं उनके नवजातों की गणना ऐप के माध्यम से करेंगे।

## मध्य प्रदेश विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का पद से इस्तीफा, राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को भेजा पत्र

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा उन्होंने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को सौंपा है।अपने इस्तीफा पत्र में हेमंत कटारे ने लिखा है कि वे पारिवारिक दायित्वों और अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे थे। इसी कारण उन्होंने उपनेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन जिसे चाहे इस पद की जिम्मेदारी सौंप सकता है और वे पार्टी को पूरा सहयोग देते रहेंगे।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दिन उन्होंने इस्तीफा भेजा, उसी दिन उनकी मैरिज एनिवर्सरी भी है। वे शाम करीब 4 बजे तक विधानसभा की कार्यवाही में मौजूद रहे, लेकिन उसके बाद अचानक बाहर आ गए और अपने क्षेत्र अटेर के लिए रवाना हो गए।कांग्रेस संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने जानकारी देते हुए बताया कि हेमंत कटारे ने अपने इस्तीफे में पारिवारिक जिम्मेदारियों और समय की कमी का उल्लेख किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह इस्तीफा केवल उपनेता प्रतिपक्ष पद से है, पार्टी की सदस्यता से नहीं।

## एम्स भोपाल में मरीजों के लिए होगा स्मार्ट मार्गदर्शन प्रणाली

### - अब परिसर में रास्ता खोजना होगा आसान





भोपाल(ए)। मरीजों और आगंतुकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए एम्स भोपाल ने आईआईटी इंदौर की दृष्टि टीम के सहयोग से एम्स परिसर में स्मार्ट मार्गदर्शन प्रणाली विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। यह कदम आम नागरिकों के लिए अस्पताल परिसर में आवाजाही को सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

एम्स भोपाल का परिसर भौगोलिक दृष्टि से काफी विस्तृत है। अस्पताल और शैक्षणिक भवनों की अंदरूनी संरचना भी कई स्थानों पर एक-जैसी है। ऐसे में मरीजों, उनके परिजनों और आगंतुकों को सही विभाग, वार्ड या कक्ष तक पहुँचने में अक्सर कठिनाई होती है। कई बार लोग रास्ता न समझ पाने के कारण असहज महसूस करते हैं और संस्थान आने को लेकर झिझक भी अनुभव करते हैं।इन समस्याओं के समाधान के लिए विकसित की जा रही स्मार्ट मार्गदर्शन प्रणाली दो स्वरूपों में उपलब्ध होगी। पहला वेब-आधारित प्रणाली है। इसके अंतर्गत परिसर के प्रमुख प्रवेश द्वारों और महत्वपूर्ण स्थानों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। आगंतुक इन क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करेंगे। स्कैन करते ही उनके मोबाइल पर एक इंटरैक्टिव मानचित्र खुल जाएगा, जो वर्तमान स्थान से इच्छित स्थान तक चरणबद्ध दिशा-निर्देशन देगा।दूसरा स्वरूप मोबाइल ऐप आधारित होगा। उपयोगकर्ता विशेष मोबाइल ऐप डाउनलोड कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। अलग-अलग भवनों के बीच पहुँचने के लिए जीपीएस तकनीक का उपयोग किया जाएगा। वहीं अस्पताल, कॉलेज और अन्य भवनों के अंदर, जहाँ जीपीएस की सटीकता सीमित होती है, वहाँ लगभग हर 15 मीटर पर रिले उपकरण लगाए जाएंगे। ये उपकरण सटीक और स्पष्ट दिशा-निर्देशन प्रदान करेंगे, जिससे मरीजों और आगंतुकों को सही स्थान तक पहुँचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।इस परियोजना को प्रारंभ में एक माह के पायलट चरण में लागू किया जाएगा। इस दौरान इसकी व्यवहार्यता, उपयोगकर्ता अनुभव और संचालन की सफलता का मूल्यांकन किया जाएगा। परिणाम संतोषजनक होने पर इसे पूरे परिसर में व्यापक रूप से लागू किया जाएगा।यह पहल मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाएगी। इससे लोगों को बार-बार रास्ता पूछने की आवश्यकता कम होगी, समय की बचत होगी और परिसर में आवाजाही अधिक व्यवस्थित होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे उन मरीजों और आगंतुकों की झिझक भी कम होगी

## जेपी की आग ने खोली 50 लाख के फायर सिस्टम की पोल

### - कंपनी की टैस्टिंग में भी अलार्म नही बजा

भोपाल(ए.)। राजधानी के जयप्रकाश चिकित्सालय में बुधवार को लगी आग ने उस दावे की पोल खोल दी जिसमें कहा गया था कि नया फायर आलर्म सिस्टम सिगरेट के धुएं से भी एक्टिव होगा। लेकिन जब आग लगी तो यह सिस्टम काम नही किया। जिसके चलते न अलार्म बजा और न स्प्रिंकलर से पानी गिरा।





इसके बाद इस सिस्टम की जांच करने गुरूवार को कपंनी आई लेकिन अलार्म नही बजा अलबत्ता स्प्रिंकलर के एक पाईप से कुछ पानी जरूर गिर गया। प्रबंधन और फायर सिस्टम एजेंसी के बीच अनबन के कारण सिस्टम अभी तक हैंडओवर नहीं हुआ और बंद पड़ा है। आग वाले दिन यह अच्छी बात रही कि एक सुरक्षा कर्मचारी ने फायर इंस्टूग्विशर से आग बुझा दी। आग बुझाने में आठ इंस्टूग्विशर का इस्तेमाल हुआ था।

इस आग में सैकड़ों मरीजों की जान खतरे में थी।

दूसरे दिन जब कर्मचारियों ने इस सिस्टम की टेस्टिंग के लिए थोड़ा सुधार कार्य किया और सिस्टम चालू किया तो पानी के फुहारें आने की बजाए धार आने लगी। नोजल पर जाले लगे हुए हैं, देखने से ही पता चलता है कि इस सिस्टम की देखरेख नहीं होती।

## मप्र में कक्षा 3 से 8वीं तक की परीक्षाएं प्रारंभ, परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता को बनाए रखने के लिए जिलों को एडवायजरी जारी



भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश में कक्षा 3 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं शुक्रवार से प्रारंभ हो गई हैं। परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता को बनाए रखने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को एडवायजरी भी जारी की गई है। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जिलों को जारी एडवायजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वर्तमान परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की विषम स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए प्रश्न-पत्रों की प्रिंटिंग एवं वितरण के समय पूर्ण सतर्कता बरती जाए। प्रश्न पत्रों के संबंध में कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करने के संबंध में जागरूक रहे। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए।राज्य शिक्षा केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा पूर्व प्रश्न-पत्र अथवा उससे मिलती-जुलती फर्जी सामग्री साझा करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT Act) एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत गंभीर साइबर अपराध है। यह कृत्य न केवल परीक्षा की गोपनीयता को भंग करता है, बल्कि कम आयु के विद्यार्थियों के मनोबल को भी ठेस पहुंचाता है।राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके अंतर्गत संचालित परीक्षा केंद्रों और सोशल मीडिया समूहों पर सतत निगरानी रखी जाए। किसी संदिग्ध लिंक, चैनल या मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल राज्य साइबर सेल अथवा स्थानीय साइबर पुलिस थाने को सूचित किया जाए।साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किसी भी भ्रामक वीडियो या तथाकथित 'पेपर लीक' संबंधी दावों पर विश्वास न करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग ने लोकभवन में सौजन्य भेंट की।

## सामाजिक संस्था खुशी के पल ने विकलांग बच्चों की की मदद

बुरहानपुर (ए.)। शहर की मानवता को समर्पित संस्था खुशी के पल ने एक विकलांग बच्चे कों आर्थिक , मदद पहुंचाते हुए उसे अनाज एवं मेडिकल दवाई उपलब्ध करायी उक्त विकलांग बच्ची एक जरुरतमंद परिवार से हैं जिस का परिवार आर्थिक तंगी के कारण कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा था संस्था की संयोजिका श्रीमति हरप्रीत कीर ने बताया कि संस्था को यह जानकारी मिली कि एक विकलांग बच्चे को इन सभी चीज़ों की आवश्यकता है और उसे मध्य प्रदेश सरकार की किसी भी योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है उसी को देखते हुए संस्थान ने उसको यह सामग्री उपलब्ध करायी ताकि उसकी कुछ मदद हो सके संस्था की संयोजिका श्रीमती हरप्रीत कीर ने बताया कि भविष्य में विकलांगों के लिए अगर कोई कैंप का आयोजन किया जाता है तो संस्था उन्हें आर्थिक मदद करने को तैयार है इसी के चलते यदि अन्य ऐसी कोई और आयोजन किए जाते हैं जिससे विकलांग जल्द स्वस्थ होसके इस के लिए संस्था उसे मदद करेगी कार्यक्रम में संस्था से जुड़ी सदस्य रिचा सलूजा ,रानी अरोड़ा ,ऊषा माहेश्वरी साक्षी माखीजा आदि सदस्य उपस्थित थे!

# मंदसौरः मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत बेहपुर में 126 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न



मंदसौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम बेहपुर में 126 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इनमें से 60 जोड़ों ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में साधु-संतों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, नानालाल अटोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, वर-वधू के परिजन एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विवाह हमारी संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, जो समाज और परिवार की आधारशिला है। सामूहिक विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए सहयोग और संबल का प्रतीक हैं। सरकार गरीब परिवारों के साथ मित्र बनकर सदैव खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा के 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार अत्यंत पवित्र एवं महत्वपूर्ण है। विवाह दो परिवारों और दो संस्कारों का मिलन है। यह संस्कार हमारी संस्कृति एवं परंपरा की गरिमा को दशार्ता है। विवाह के माध्यम से कन्या अपने नए जीवन की शुरूआत करती है और माता-पिता का आशीर्वाद उसके जीवन को नई दिशा देता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य बेटियों को सम्मानपूर्वक विदा करने के साथ-साथ उनके नए जीवन की शुरुआत को आर्थिक संबल प्रदान कर सशक्त आधार देना है।

## दो कारों भिडंत में एक की मौत, 12 से अधिक हुए घायल

आगरमालवा (ए.)। मध्य प्रदेश के आगरमालवा जिले में उज्जैन-झालवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 552-जी पर कोतवाली पुलिस थानान्तर्गत जिले में ग्राम आमला के समीप शुक्रवार को दो कारों की भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार एक ओमनी कार में सवार 10 लोग जया (25), मंजू (40), प्रेमबाई (35), सुनीता (40), देव (8), कल्लो, रमेश, सपना, लविश और पूजा दांगी- सिलाई सीखने आगरमालवा आए थे। वापस ग्राम लोहारिया लौटते समय ग्राम आमला के समीप उनकी कार की सामने से आ रही एक कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में सपना नामक महिला की मौत हो गई। दो लोगों को गंभीर हालत में उपचार हेतु उज्जैन रैफर किया गया है।

## मंदसौर में हुआ देश का पहला भारत सरसों संगम 2026 का आयोजन




मंदसौर (ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के ग्राम कनघट्टी में शुक्रवार को देश के पहले भारत सरसों संगम का आयोजन किया गया। सरसों की समृद्धि और किसानों की उन्नति को समर्पित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 1500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। वहीं देश की कृषि क्षेत्र अग्रणी कंपनियों एवं संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक व पुनयोर्जी कृषि पद्धतियों तथा बाजार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर अदिती गर्ग ने किसानों और आयोजन से जुड़ी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए किसानों को पुनयोर्जी कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरसों जैसी तिलहनी फसलों का विस्तार न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि देश को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर दी सोल्व एक्सट्रेक्ट्रस एसोसिएशन आफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. बी. वी. मेहता ने संबोधित करते हुए संचालित पुनयोर्जी सरसों कार्यक्रम की सराहना की।

# कांग्रेस ने भाजपा के तीन मंत्रियों के पुतले फूंके

### - नारेबाजी कर इस्तीफा मांगा
### - खींची बोले-जनता की अनदेखी पड़ी भारी पड़ेगी

राजगढ़ (ए.) । जिले के छापीहेड़ा ब्लॉक में कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को भाजपा सरकार के तीन मंत्रियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने राजेंद्र शुक्ल, विजय शाह और कैलाश विजयवर्गीय के पुतलों का दहन किया और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की।

यह प्रदर्शन सुबह 11:30 बजे छापीहेड़ा बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह खींची के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि राजेंद्र शुक्ल कफ सिरप से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। वहीं विजय शाह पर सेना और महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया।



इसके अलावा कैलाश विजयवर्गीय को दूषित जल से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह खींची ने कहा कि यह प्रदर्शन जनता की नाराजगी का प्रतीक है। यदि भाजपा सरकार ने जनता की आवाज नहीं सुनी तो कांग्रेस और बड़े आंदोलन करेगी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन कस्बे में राजनीतिक हलचल तेज हो गई।

## कटेंनर चालक युवक को टक्कर मारकर भाग निकला, युवक गंभीर घायल

ब्यावरा (ए.)। शुक्रवार दोपहर को भोपाल हाईवे पर फुंदा मार्केट के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 22 वर्षीय युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार लसूल्डी महाराजा का रहने वाला रोहित वर्मा (22) दोपहर करीब 3 बजे ब्यावरा से अपने गांव लौट रहा था। तभी फुंदा मार्केट के पास सामने से आ रहे एक कंटेनर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोहित को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर लोगों का हुजूम जमा हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को फोन किया और रोहित को सिविल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है, हालांकि चोटें ज्यादा होने के कारण वह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।



## कलेक्टर ने किया ग्राम बामोरी ताल गौशाला का किया निरीक्षण

अशोक नगर (ए.)। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम बामोरीताल की नंदिनी गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में नाडेप का निर्माण कराये जाने एवं दुधारू पशु को रखे जाने के निर्देश दिए। गौशाला के पास सार्वजनिक तालाब का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही गौमाता को हरा चरा खिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतशैलेन्द्र यादव एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

## गेल ने उ वल क्षितिज 2026 के तहत जुबिली टॉवर को दी नई पहचान

नई दिल्ली (ए.)। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने उज्ज्वल क्षितिज 2026 नाम से एक विशेष प्रकाश परियोजना शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य कंपनी के प्रतिष्ठित जुबिली टॉवर को आधुनिक लाइटिंग तकनीक से रोशन करना और उसकी पहचान को और मजबूत बनाना है। इस परियोजना में उन्नत प्रोजेक्शन मैपिंग तकनीक का उपयोग किया गया है।

जुबिली टॉवर 21 मंजिला इमारत है, जिसकी ऊँचाई लगभग 120 मीटर है। इसका उद्घाटन 3 अप्रैल 2014 को हुआ था। इसकी विशिष्ट गोलाकार डिज़ाइन और आकर्षक बाहरी बनावट इसे एक खास पहचान देती है। यह टॉवर डीएनडी फ्लाईवे, नोएडा बाईपास फ्लाईओवर, बारापुला फ्लाईओवर और दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन से साफ दिखाई देता है। उद्घाटन के समय यह आसपास की सबसे ऊँची इमारत थी और लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती थी।

पिछले दस वर्षों में आसपास कई ऊँची इमारतें बन जाने से जुबिली टॉवर की दृश्य पहचान थोड़ी कम हो गई थी। उज्ज्वल क्षितिज परियोजना के तहत गेल ने इस टॉवर की अलग पहचान को बनाए रखने और शाम व रात के समय इसकी रोशनी को और बेहतर बनाने का फैसला किया। इससे पहले 2016 और 2019 में भी लाइटिंग के प्रस्ताव बने थे, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें पूरा नहीं किया जा सका। वर्ष 2025 में इस परियोजना को दोबारा पूरी योजना और प्रबंधन के सहयोग से सफलतापूर्वक लागू किया गया।

## Airtel का शानदार तोहफा, कंपनी ने अपने इन यूजर्स के लिए किया अनलिमिटेड डेटा का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली (ए.)। देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी एयरटेल (Airtel) ने अपने ग्राहकों को एक शानदार तोहफा दिया है। कंपनी ने अब अपने सभी पोस्टपेड प्लान्स पर अनलिमिटेड डेटा देने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। पहले यह खास ऑफर केवल कुछ चुनिंदा सर्किलों तक ही सीमित था, लेकिन अब इसे देश भर के सभी सर्किलों के लिए लागू कर दिया गया है। कंपनी अपने एआरपीयू (ARPU) को बेहतर बनाने के मकसद से यह कदम उठा रही है, ताकि अधिक से अधिक ग्राहक प्रीपेड से पोस्टपेड की ओर स्विच करने के लिए आकर्षित हों।

### 449 रुपये वाले बेस प्लान में मिलेंगे ढेरों फायदे

एयरटेल के पोस्टपेड प्लान्स की शुरुआती कीमत 449 रुपये है, जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी (GST) का भुगतान अलग से करना होता है। इस प्लान में एक महीने की वैलिडिटी के साथ सामान्य तौर पर 50GB डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और रोजाना 100 एसएमएस मिलते हैं, लेकिन नए ऑफर के तहत अब यूजर्स को अनलिमिटेड डेटा दिया जाएगा। हालांकि, इसमें 30 दिनों के लिए 300GB की फेयर यूसेज पॉलिसी (FUP) लिमिट तय की गई है। इसके अलावा, ग्राहकों को एडिशनल बेनिफिट्स के तौर पर 100GB गूगल वन (Google One) क्लाउड स्टोरेज, तीन महीने का जियो-हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन, एक साल का एडोब प्रीमियम और एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले का फ्री एक्सेस भी मिलेगा।

**699 रुपये वाले फैमिली प्लान पर भी लागू होगा नया ऑफर**

सिंगल यूजर के अलावा, एयरटेल का 699 रुपये से शुरू होने वाला फैमिली पोस्टपेड प्लान भी इस नए अनलिमिटेड डेटा ऑफर के दायरे में आएगा। इस प्लान पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त लगता है और इसके जरिए एक साथ दो लोगों के सिम कार्ड एक्टिव रखे जा सकते हैं। इस फैमिली प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग और डेली एसएमएस के साथ वैसे तो 105GB डेटा दिया जाता है, लेकिन कंपनी के नए ऐलान के बाद अब इन ग्राहकों को भी अनलिमिटेड डेटा की सुविधा मिलेगी

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 311 अंक उछला, निफ्टी 25,550 के पार



नई दिल्ली,(ए.)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से शेयर बाजार में तेजी लौटी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचें (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 फीसदी उछलकर 82,814.71 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स 317 अंक की बढ़त के साथ, जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ।नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 फीसदी बढ़कर 25,571.25 पर बंद हुआ। इसके 36 शेयर बढ़त और 14 शेयर लाल निशान में रहे। कारोबार के दौरान यह 209.2 अंक यानी 0.82 फीसदी बढ़कर 25,663.55 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावरग्रिड, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और इंडिगो प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयर रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, इटरनल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अडानी पोर्ट्स को नुकसान हुआ। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में मुख्यत- गिरावट रही। हांगकांग का हैंगसेंग 1.10 फीसदी और जापान का निक्की 1.07 फीसदी टूटकर बंद हुआ। हालांकि, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 2.31 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। चीन के बाजार चंद्र नववर्ष अवकाश के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स, पेरिस का सीएसी 40 और लंदन का एफटीएसई 100 करीब एक फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। इसके अलावा अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 34 पैसे कमजोर होकर 91.02 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.31 फीसदी की गिरावट के साथ 71.44 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।एक दिन पहले गुरुवार को बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स तीन सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगाते हुए 1236.11 अंक यानी 1.48 फीसदी लुढ़ककर 82,498.14 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 365.00 अंक यानी 1.41 फीसदी टूटकर 25,454.35 पर बंद हुआ था।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को 28 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.96 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में 27 पैसे टूटकर 90.95 प्रति डॉलर पर आ गया। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने रुपये पर दबाव डाला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयरों में बिकवाली की होड़ ने भारतीय मुद्रा पर और दबाव बनाया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.94 प्रति डॉलर पर खुला। फिर शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.95 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 27 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.68 पर बंद हुआ था। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर गुरुवार को मुद्रा बाजार बंद रहे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी की बढ़त के साथ 97.89 पर रहा।

## भारत के ऑफिस रियल एस्टेट बाजार में जीसीसी के चलते बढ़ेगी मांग, योगदान 50 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद

मुंबई (ए.)। देश के शीर्ष सात शहरों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की हिस्सेदारी भारतीय ऑफिस रियल एस्टेट की मांग में 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। इसमें अमेरिकी कंपनियों की ओर से मांग सबसे अधिक रहेगी। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 से भारत में जीसीसी देशों की लीजिंग गतिविधियों में अमेरिकी कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत रही है, जबकि यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की कंपनियों की हिस्सेदारी 8-10 प्रतिशत रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले कुछ वर्षों में जीसीसी देशों द्वारा ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की वार्षिक मांग 35-40 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच सकती है, जो कुल ऑफिस स्पेस की मांग का 40-50 प्रतिशत होगी। कोलियर्स इंडिया के ऑफिस सर्विसेज के प्रबंध निदेशक अर्पित मेहरोत्रा ने कहा,अमेरिकी कंपनियों से टेक केंद्रित जीसीसी की मांग स्थिर हो सकती है, लेकिन हम यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की कंपनियों से, विशेष रूप से इंजीनियरिंग और विनिर्माण, बीएफएसआई और परामर्श क्षेत्रों में मांग बढ़ने की उम्मीद करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ चल रहे व्यापार समझौतों और शुल्क युक्तिकरण से टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, इंजीनियरिंग और विनिर्माण तथा परामर्श क्षेत्रों में दीर्घकालिक कार्यालय स्थान की मांग बढ़ने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2020 से देश में कुल 310 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस की मांग में से लगभग 117 मिलियन वर्ग फुट यानी 38 प्रतिशत की हिस्सेदारी जीसीसी की रही है।

# TATA मोटर्स ने लॉन्च की नई पंच EV फेसलिफ्ट, 468 KM की धांसू रेंज; अत्याधुनिक लग्जरी फीचर्स से है लैस




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में ग्राहकों के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए टाटा मोटर्स ने अपनी बहुचर्चित 'पंच ईवी फेसलिफ्ट' को आखिरकार लॉन्च कर दिया है। इस शानदार माइक्रो इलेक्ट्रिक एसयूवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.69 लाख रुपये तय की गई है, जबकि इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 12.59 लाख रुपये तक जाती है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी ने 'बैटरी-एज-ए-सर्विस' (BaaS) का बेहतरीन विकल्प भी पेश किया है। इस खास प्लान के तहत आप इस एसयूवी को मात्र 6.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर घर ले जा सकते हैं, जिसमें आपको बैटरी किराये के रूप में प्रति किलोमीटर 2.6 रुपये का भुगतान करना होगा। एमआर और एलआर जैसे अलग-अलग वेरिएंट्स में उपलब्ध इस कार की बुकिंग ऑनलाइन और डीलरशिप दोनों जगहों पर शुरू हो चुकी है।

### प्रीमियम इंटीरियर और अत्याधुनिक लग्जरी फीचर्स से लैस

नई पंच ईवी के डिजाइन और इंटीरियर में कई बड़े बदलाव किए गए हैं जो इसे टाटा की प्रीमियम कारों के करीब लाते हैं। कार के अंदर 10 इंच की शानदार इंफोटेनमेंट स्क्रीन, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और रोशन लोगो वाला दो स्पोक स्टीयरिंग व्हील दिया गया है। इसके अलावा, एप्पल कारप्ले, एंड्रॉयड ऑटो, फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें, कूल्ड ग्लवबॉक्स, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल और 360-डिग्री कैमरा जैसे अत्याधुनिक फीचर्स इसे बेहद खास बनाते हैं। सेंटर कंसोल में टच-ऑपरेटेड कंट्रोल, रोटरी डायल और डैशबोर्ड पर डुअल-टोन शेड्स के साथ लेदरेट अपहोल्स्ट्री इसके केबिन को एक बेहद लग्जरी लुक देते हैं।

### दमदार बैटरी पैक और सुपरफास्ट चार्जिंग की सुविधा

'Acti.e1' प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई इस कार में दो दमदार बैटरी पैक के विकल्प मिलते हैं। इसका बड़ा 40kWh बैटरी पैक एआरएआई के अनुसार 468 किलोमीटर की अधिकतम रेंज देता है, जो रोजमर्रा के इस्तेमाल में करीब 355 किलोमीटर तक आसानी से चलती है। वहीं, 30kWh बैटरी पैक का विकल्प भी मौजूद है जो लगभग 365 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है। चार्जिंग के लिए कंपनी ने डीसी फास्ट चार्जर (CCS2), 7.2 किलोवाट वॉल बॉक्स चार्जर और 3.3 किलोवाट होम चार्जर जैसे तीन बेहतरीन विकल्प दिए हैं। डीसी फास्ट चार्जर की मदद से इसे 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज होने में मात्र 26 मिनट का समय लगता है और सिर्फ 15 मिनट की चार्जिंग में यह कार 135 किलोमीटर तक दौड़ने के लिए तैयार हो जाती है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भारत पर दोहरी मार

डील के मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर अमेरिका में शून्य आयात शुल्क लगेगा। इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे।भारत में सरकार समर्थक लोग अभी ये जश्न मना ही रहे हैं कि ट्रेड डील के बाद भारत के वस्त्र जैसे श्रम-केंद्रित उद्योगों के उत्पादों को अमेरिकी बाजार में अनुकूल स्थितियां मिलेंगी, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने बांग्लादेश को भारत के बड़े प्रतिस्पर्धी के रूप में खड़ा कर दिया है। अमेरिका से हुए ट्रेड डील के बाद बांग्लेदश के उत्पादों पर अब अमेरिका में 37 के बजाय 19 फीसदी टैरिफ ही लगेगा। वैसे टैरिफ के मामले में भारतीय उत्पादों को फिर भी एक फीसदी का लाभ है, लेकिन भारत को असल नुकसान डील के एक दूसरे प्रावधान से होगा। उसके मुताबिक अमेरिका से आयातित कपास से जो वस्त्र बांग्लादेश में बनेगा, उस पर शून्य आयात शुल्क लगेगा।इस तरह बांग्लादेश के उत्पादक अब भारतीय कपास के बजाय अमेरिकी कपास खरीदने के लिए प्रेरित होंगे। इससे भारतीय कपास उत्पादकों का एक अहम बाजार छिन जाएगा। कुल मिलाकर डील में ऐसे प्रावधान हैं, जिससे बांग्लादेशी उत्पादक 70 फीसदी तक अमेरिकी इनपुट का इस्तेमाल कर सकेंगे। यानी डील से दोनों पक्षों को लाभ होगा। बांग्लादेश से अमेरिका को होने वाले निर्यात में 95 फीसदी हिस्सा कपड़े का रहा है। अत: ये डील बांग्लादेश के लिए संजीवनी बन कर आया है। भारत से टैरिफ में जो एक फीसदी अंतर है, उसे अमेरिकी आयातक और बांग्लादेशी उत्पादक आसानी से आपस में एडजस्ट कर सकेंगे।इस तरह अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्त्र उत्पादकों के लिए बांग्लादेश मजबूत प्रतिस्पर्धी बन जाएगा। बांग्लादेश ने अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट-पुर्जे, मेडिकल उपकरण और विमान खरीदने का वादा भी किया है। लेकिन डील में भारत जैसी पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की खरीदारी की कोई शर्त शामिल नहीं की गई है। तो बांग्लादेश कितनी खरीदारी करेगा, यह उसकी जरूरतों से तय होगा। यानी बांग्लादेश भारत की तुलना में अमेरिका से अपने लिए अधिक अनुकूल व्यापार समझौता करने में सफल रहा है। दूसरी तरफ इस डील का सर्वाधिक दुष्प्रभाव संभवत: भारत पर ही पड़ेगा, क्योंकि अब तक बांग्लादेश भारत के गेहूं, सोयाबीन, मक्का, मोटर पाट-पुर्जे, और मेडिकल उपकरण का भी बड़ा खरीदार रहा है। स्पष्टत: ये डील भारत पर दोहरी मार है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट - 2026 के मौके पर लिकटेंस्टीन के प्रिंस अलोइस के साथ मीटिंग की।

# यूजीसी का नियम सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला

अजीत द्विवेदी

राजनीति में कुछ भी अनायास या अनियोजित नहीं होता है और अगर आपको लगे कि कुछ अनायास हो रहा है या अनप्लांड हो रहा है तो समझना चाहिए कि उसे उसी तरह से प्लान किया गया है। यानी उसकी योजना ऐसी बनी है कि वह अनप्लांड लगे। यह बात अमेरिका के एक राष्ट्रपति ने कही थी। पूरी दुनिया की राजनीति पर यह बात समान रूप से लागू होती है। तभी प्रयागराज में शंकराचार्य को लेकर जो कुछ हो रहा है और उसके बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी का जो नया नियम लाया गया हैं उसे अनायास हुए नहीं मानना चाहिए। सरकार ने किसी योजना के तहत यूजीसी के नए नियम लागू किए हैं। उसने सामान्य वर्ग को अलग थलग करने और उसे उत्पीड़क साबित करने का जो नियम बनाया है वह संयोग नहीं है, बल्कि किसी प्रयोग का हिस्सा है।




इस समय पूरे देश में यूजीसी की ओर से लाए गए समानता के नए नियम पर विवाद हो रहा है। यूजीपी ने प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीच्यूट रेगुलेशन 2026 के नाम से नए नियम जारी किए हैं। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव खत्म करना बताया गया है। इस तरह का एक नियम 2012 में बना था, जो पहले से उपलब्ध था। उसमें कुछ बदलाव करके उसे नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। 2012 के नियम में सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी और एसटी को उत्पीड़न से बचाने का प्रावधान किया गया था। अब उसमें अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी को भी जोड़ दिया गया है। साथ ही महिलाएं और दिव्यांगजनों को भी शामिल किया गया है। महिलाओं और दिव्यांगों में हर वर्ग के छात्र शामिल होंगे।

इसका मतलब है कि सामान्य वर्ग के एक छोटे से समूह को पहले से ही अत्याचारी या उत्पीड़क मान कर बाकी लोगों को उससे बचाने का प्रावधान किया गया है। 2012 के कानून में भेदभाव या उत्पीड़न की फर्जी शिकायत करने पर कार्रवाई का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया है। यानी एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग अगर चाहें तो किसी भी सामान्य वर्ग के छात्र के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और शिकायत गलत पाए जाने पर उनके खिलाफ किसी तरह की दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो सकती है। हर संस्थान में इक्विटी कमेटी और इक्विटी स्क्वॉयड बनाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें बदलाव करके यह नियम बनाया गया है कि इसमें सामान्य वर्ग के किसी व्यक्ति को रखना अनिवार्य नहीं होगा।

सोचें, क्या इससे भी ज्यादा भेदभाव या असमानता की कोई व्यवस्था हो सकती है? इसमें एक समूह को पहले से अपराधी मान कर उसे सजा के योग्य ठहरा दिया गया है। यह सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला नियम है, जो कानून विरूद्ध है और संविधान विरूद्ध है। यह प्राकृतिक न्याय के मूल सिद्धांत के भी विरूद्ध है। भारत सरकार ने जब अंग्रेजों के जमाने की भारतीय दंड संहिता समाप्त की और उसकी जगह भारतीय न्याय संहिता लागू की तो कहा कि अंग्रेजों ने दंड का प्रावधान किया था लेकिन अब सरकार न्याय की व्यवस्था ले आई है।

क्या यही न्याय की व्यवस्था है कि आप एक समूह को पहले से अपराधी मान लेंगे? सवाल है कि आरोप लगाए जाने और दोष सिद्ध होने से पहले किसी को अपराधी कैसे माना जा सकता है? भारत में न्याय की व्यवस्था महर्षि याज्ञवल्क्य के समय बनी, जिसमें वाचस्पति ने नव्य न्याय की धारणा जोड़ी। इसके मुताबिक दोष सिद्धि से पहले किसी को अपराधी नहीं माना जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद 14 और 15 कानून के समक्ष सबकी समानता और धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, क्षेत्र आदि के आधार पर किसी किस्म के भेदभाव को निरस्त करता है। लेकिन यहां भारत सरकार ने जाति के आधार पर एक समूह को पहले ही अपराधी मान लिया है। किसी सभ्य समाज में ऐसी व्यवस्था की कल्पना भी कैसे की जा सकती है?इसी तरह का एक बिल मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार भी ले आई थी। कम्युनल वायलेंस बिल की मूल अवधारणा हिंदू को दंगाई मानने की थी। ऐसा कानून बन रहा था, जिसके मुताबिक कही भी दंगा होगा तो हिंदू को दोषी माना जाएगा। ठीक उसी तरह का नियम सरकार ले आई है, जिसके मुताबिक किसी भी शिक्षण संस्थान में अगर भेदभाव होता है या उत्पीड़न की घटना होती है तो सामान्य वर्ग के छात्र या शिक्षक को उसका दोषी माना जाएगा। एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग कभी भी आरोपी या दोषी नहीं बनाए जाएंगे।

अब जरा इसके व्यावहारिक पक्ष की कल्पना करें। किसी भी शिक्षण संस्थान में जाने वाले सामान्य वर्ग के छात्र के ऊपर कितना मानसिक दबाव होगा। वह हर समय इस आशंका में रहेगा कि उपरोक्त पांच समूहों का कोई छात्र उसके खिलाफ शिकायत कर सकता है और उसका करियर समाप्त कर सकता है। क्या सरकार कथित ऐतिहासिक गलतियों को दुरुस्त करने के लिए रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन के जरिए सामान्य वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा से दूर करना चाहती है?

सरकार ने यह काम ऐसे समय में किया है, जब सामाजिक स्तर पर असमानता कम हो रही है, समाज ज्यादा समरस बन रहा है और सत्तारूढ़ दल खुद ही व्यापक हिंदू एकता के लिए काम कर रहा है। दूसरी ओर आर्थिक स्तर पर असमानता बढ़ रही है। सरकार का यह नियम विभिन्न जातियों और समाजों के बीच वैमनस्य और भेदभाव बनाने वाला प्रतीत होता है।

अगर इसके राजनीतिक पहलुओं को देखें तो क्या भारतीय जनता पार्टी और उसकी केंद्र सरकार को लग रहा है कि वह सामान्य वर्ग को अलग थलग करके या उसके प्रति द्वेष दिखा कर एससी, एसटी और ओबीसी के बड़े जातीय समूह को अपने साथ करे लेगी और इससे उसे चुनावी जीत का स्थायी फॉर्मूला मिल जाएगा? क्या वह कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों की बहुजन राजनीति के जवाब के तौर पर यह नियम लेकर आई है?

ऐसा होना नहीं चाहिए क्योंकि भाजपा के नेता अर्थव्यस्था, कूटनीति, प्रौद्योगिकी आदि समझें न समझें राजनीति बखूबी समझते हैं। उनके पता होता है कि किस बात से चुनावी नुकसान होगा और किस बात से फायदा होगा। तभी हैरानी हो रही है कि राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला इतना बड़ा कदम इस सरकार ने कैसे उठाया।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के अल्पसंख्यकों को पहले ही अपने से अलग कर दिया है। उत्तर प्रदेश में खुल कर 80 और 20 की लड़ाई बताई जाती है। लेकिन यह विभाजन राष्ट्रीय स्तर पर भी है। भाजपा ने 20 फीसदी अल्पसंख्यकों को अपने से अलग मान लिया है। उसे 80 फीसदी हिंदुओं की राजनीति करनी है। अब क्या वह इस 80 फीसदी के समूह को और छोटा करने की जोखिम ले सकती है? क्या इसमें से 15 फीसदी सामान्य वर्ग बाहर हो जाए तो भाजपा 65 फीसदी के वोट की राजनीति करके चुनाव जीत सकती है? ध्यान रहे सामाजिक स्तर पर एससी और एसटी का टकराव ओबीसी के साथ ज्यादा है।

एससी, एसटी उत्पीड़न कानून के तहत 80 से 90 फीसदी मामलों में आरोपी पिछड़ी जातियों के हैं। इस कानून के दुरुपयोग के अनगिनत मामले सामने आ चुके हैं और अदालतों ने इस पर अनेक बार टिप्पणियां की हैं। लेकिन शिक्षण संस्थान में ओबीसी को भी एससी और एसटी के साथ ही उत्पीड़न के शिकार वर्ग में शामिल किया जा रहा है। क्या इससे तीनों समूहों के बीच समाज में भी समरसता स्थापित हो जाएगी? इसमें संदेह है लेकिन इससे एससी, एसटी व ओबीसी के साथ सामान्य वर्ग के संबंधों में तनाव जरूर बढ़ जाएगा। क्या सरकार यह तनाव बढ़ाना चाहती है?अगर राज्यवार देखेंगे तो भाजपा को राजनीतिक नुकसान की संभावना और ज्यादा दिखेगी। मिसाल के तौर पर झारखंड में मुस्लिम, ईसाई और आदिवासी भाजपा के खिलाफ हैं। अगर सामान्य वर्ग भी खिलाफ हुआ तो भाजपा के पास क्या बचेगा? उत्तर प्रदेश में 80 और 20 की लड़ाई है। 80 में से 10 फीसदी यादव को पहले ही भाजपा ने अलग कर दिया है। अगर बचे हुए 70 फीसदी में से 20 से 25 फीसदी सामान्य वर्ग के लोग अलग हुए तो भाजपा के पास क्या बचेगा राजनीति करने को?भाजपा के नेता इतने नासमझ तो नहीं हैं कि वे यह मानने लगें कि शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी के साथ ओबीसी को भी शोषित वर्ग में शामिल कर देने से उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव भाजपा को वोट देने लगेंगे। दो तीन राज्यों के उदाहरण का विस्तार पूरे देश में किया जा सकता है। सो, कुल मिला कर यूजीसी का यह नियम सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला और समानता की भावना के विपरीत तो है ही साथ ही भाजपा को बड़ा राजनीतिक नुकसान पहुंचाने वाला भी हो सकता है।

# डिजिटल युग में मातृभाषाओं को बचाना बड़ी चुनौती

**अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस- 21 फरवरी, 2026**

21 फरवरी को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस केवल मातृभाषा संस्कृति को बचाने का अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि मानवता की सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है। वर्ष 2026 में इसकी मुख्य थीम बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की आवाज़ है, जो यह संकेत देती है कि भविष्य की भाषाई दिशा युवा पीढ़ी तय करेगी। यह वर्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस दिवस की 25वीं वर्षगांठ-रजत जयंती का प्रतीक है। वर्ष 1999 में यूनेस्को द्वारा इसकी घोषणा की गई और 2000 से इसे वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। इस वर्ष का फोकस 13 से 18 वर्ष के युवाओं को भाषाई विविधता के संरक्षण, मातृभाषा में शिक्षा के विस्तार और डिजिटल युग में भाषाओं की भूमिका पर सक्रिय संवाद के लिए प्रेरित करना है। मातृभाषा केवल शब्दों का संग्रह नहीं होती, वह मनुष्य के मन, मस्तिष्क और संवेदनाओं की प्रथम अभिव्यक्ति है। बच्चा जब जन्म लेता है तो वह किसी औपचारिक शिक्षा से पहले अपनी माँ की ध्वनियों, लोरियों और संवादों के माध्यम से भाषा का संस्कार ग्रहण करता है। यही भाषा उसकी सोच, उसकी रचनात्मकता और उसकी पहचान का आधार बनती है। शोधों से यह सिद्ध हो चुका है कि प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होने पर बच्चों की समझ, विश्लेषण क्षमता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। फिर भी वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत बच्चों को उस भाषा में शिक्षा नहीं मिलती जिसे वे बोलते या समझते हैं। इस दिवस का ऐतिहासिक संदर्भ हमें 21 फरवरी 1952 की उस त्रासदी की याद दिलाता है जब पूर्वी पाकिस्तान में अपनी मातृभाषा बांग्ला के सम्मान के लिए छात्रों ने आंदोलन किया और गोलीबारी में अनेक युवा शहीद हो गए। बाद में यही पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश बना। उन शहीदों की स्मृति में यह दिवस भाषाई अधिकारों और अस्मिता का प्रतीक बन गया। यह हमें सिखाता है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता का आधार है। वर्ष 2026 की थीम युवाओं की भागीदारी को केंद्र में रखती है। आज का युवा डिजिटल संसार में जी रहा है। सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑनलाइन शिक्षा उसके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मातृभाषाओं के लिए पर्याप्त स्थान है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ओर तो विलुप्तप्राय भाषाओं के शब्दकोश, ध्वनि-संग्रह और अनुवाद प्रणाली विकसित कर उन्हें पुनर्जीवित कर सकता है, वहीं दूसरी ओर यदि तकनीक कुछ सीमित भाषाओं तक सिमट जाए तो भाषाई असमानता और गहरी हो सकती है। इसलिए युवाओं को तकनीक का उपयोग मातृभाषा सशक्तिकरण के लिए करना होगा-ऐप, ब्लॉग, पॉडकास्ट, यूट्यूब चैनल और डिजिटल पुस्तकालयों के माध्यम से अपनी भाषाओं को वैश्विक मंच देना होगा।

यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें।

मिथुन राशि : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें।

सिंह राशि : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाह-वाही मिलेगी।

कन्या राशि : आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यों को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखूबी निभायेंगे। जो लोग प्रॉपर्टी डीलर हैं उनका काम अच्छा चलेगा और आपका रुका हुआ पूरा पैसा आपको वापस मिलेगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें।

धनु राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे।

मीन राशि :आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे।

## -मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर विशेष-

# छत्तीसगढ़ मे आदिवासी नेतृत्व गढ़ रहा है विकास के नए सोपान

छगन लाल लोन्हारे

छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं।



केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी।

प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही सम्भव कर सकते हैं।

विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रूपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रूपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है।

महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री की पहल पर दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत्-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है।

डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है। प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल की जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने प्रदेश के हर वर्ग की बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, नियद नेल्ला नार, अखरा निर्माण योजना जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया है और जनता के बीच अपनी एक अलग छवि निर्मित की है।



# तीसरे फेज में देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगी एसआईआर, चुनाव आयोग ने कहा-अप्रैल से होगी प्रक्रिया शुरू



नई दिल्ली,(आरएनएस)। चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लेटर लिखकर SIR से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है।

चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि तीसरे फेज में दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में SIR प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश में SIR किया जाएगा।

बता दें चुनाव आयोग ने पहले फेज में बिहार में SIR करवाया था। दूसरे फेज के तहत, 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर 2025 से SIR जारी है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट अपडेशन किया जा रहा है। नए वोटरों के नाम जोड़े जा रहे हैं और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जा रहा है।

बता दें पहले फेज में SIR प्रक्रिया बिहार में हुई थी । दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में SIR की घोषणा हुई। अब तीसरे फेज में देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगी।

### क्या है एसआईआर

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है। जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है।

## झोपड़ी में रहने वाले कुम्हार को GST विभाग ने थमा दिया 1 करोड़ का नोटिस, सदमे में परिवार



रायबरेली, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कर विभाग की एक बड़ी लापरवाही या फिर किसी गहरी साजिश का बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां चाक पर मिट्टी के बर्तन गढ़कर किसी तरह अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाने वाले एक गरीब कुम्हार को एक करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी वसूली नोटिस भेज दिया गया है। रघुबीरगंज बाजार के रहने वाले मोहम्मद शहीद के घर जब यह सरकारी फरमान पहुंचा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अनपढ़ होने के कारण पहले तो उन्हें कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब आसपास के लोगों ने नोटिस की भारी-भरकम रकम पढ़कर बताई तो कुम्हार और उसके पूरे परिवार के होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद शहीद पीढ़ियों से मिट्टी के कुल्हड़ और खिलौने बनाने का काम करते आ रहे हैं। उनके नाम पर केंद्रीय माल एवं सेवा कर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क (वैशाली प्रमंडल, हाजीपुर) की तरफ से डाक के जरिए एक पत्र आया। इस पत्र में उन पर 1 करोड़ 25 हजार 297 रुपये का टैक्स बकाया निकालते हुए इसे जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया है। पीड़ित का स्पष्ट कहना है कि उनकी आज तक कोई फर्म या कंपनी रही ही नहीं है और न ही उनका किसी तरह के व्यावसायिक काम या पार्टनरशिप से कोई लेना-देना है। ऐसे में बिहार के हाजीपुर से उन्हें करोड़ों का यह नोटिस भेजा जाना पूरी तरह से किसी बड़े फर्जीवाड़े की ओर इशारा कर रहा है।इस बेतहाशा रकम की अदायगी के डर से खौफजदा कुम्हार ने अब स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## अमित शाह मानहानि केस : राहुल गांधी ने बयान दर्ज कराए, सुल्तानपुर कोर्ट में अगली सुनवाई 9 मार्च को

सुल्तानपुर (आरएनएस)। गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी यूपी के सुल्तानपुर की MP/MLA कोर्ट में पेश हुए। राहुल करीब 20 मिनट तक कोर्ट में रहे और अपना बयान दर्ज कराया। अब मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी।

कोर्ट में मौजूद वकीलों के मुताबिक, कोर्ट में पहुंचने पर राहुल गांधी ने जज को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। सुनवाई के बाद भी उन्होंने जज को धन्यवाद कहा। इसके बाद वहरामचेत मोची की दुकान पर रवाना हो गए, जहां वह उनके परिवार से मुलाकात करेंगे। रामचेत की 3 महीने पहले कैंसर से मौत हो गई थी। रामचेत वही मोची थे, जिनकी दुकान पर एक साल पहले राहुल गांधी ने 5 जूते सिले थे। राहुल ने रामचेत को सिलाई मशीन भेजी थी।

राहुल के सुल्तानपुर पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'राहुल जिंदाबाद' के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाने की कोशिश की, लेकिन राहुल ने मना कर दिया। इसके बाद वह मुस्कुराते हुए कोर्ट के अंदर चले गए। राहुल सुबह 9 बजे दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। वहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

मामला 8 साल पुराना है आरोप है कि राहुल ने 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान अमित शाह को लेकर कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। राहुल ने तब कहा था कि जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है।

## राजौरी में घुसपैठ की कोशिश, सुरक्षाबलों ने फायरिंग कर आतंकियों को खदेड़ा; एलओसी पर हाई अलर्ट

राजौरी (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया है। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि खुफिया जानकारी और निरंतर निगरानी के आधार पर, सुबह नाथुआ टिब्बा इलाके में गाजा नदी के किनारे संदिग्ध गतिविधि का पता चला। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने तेज और कैलिब्रेटेड फायर से जवाब दिया और सफलतापूर्वक आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना ने बताया कि इंटीग्रेटेड ग्राउंड और एरियल सर्विलांस के जरिए इलाके पर पूरी तरह से कब्जा पक्का करने के लिए अपने सैनिकों को सही तरीके से री-पोजीशन और री-ओरिएंटेड किया गया है। पूरे सेक्टर में हाई लेवल अलर्ट जारी किया गया है।

## 'युद्ध नशे विरुद्ध' के तहत बड़ी सफलता, 1 मार्च 2025 से अब तक 50 हजार से ज्यादा ड्रग तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान 'युद्ध नशे विरुद्ध' को नई ताकत मिली है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर पुलिस ने ड्रग तस्करी पर कड़ा प्रहार जारी रखा है। इसी कड़ी में पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को जालंधर में नई अल्ट्रा-मॉडर्न एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) जालंधर रेंज भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्पेशल डीजीपी एएनटीएफ कुलदीप सिंह, एडीजीपी एएनटीएफ नीलाभ किशोर और एडीजीपी स्टेट आर्म्ड पुलिस एमएफ फारूकी भी मौजूद थे।

लगभग 9000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह भवन 1.60 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। यह आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें गजेटेड अधिकारियों के लिए विशेष कार्यालय, जांचकर्ताओं और सहायक कर्मचारियों के लिए केबिन, रीडर्स रूम और एक आधुनिक बैठक कक्ष शामिल हैं। यह भवन रेंज की क्षमता बढ़ाने और ड्रग तस्करी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बनाया गया है।

महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि यह सुविधा बड़े ड्रग तस्करों को निशाना बनाने और राज्य में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित है। यहां मोबाइल और कंप्यूटर फोरेंसिक उपकरण, उन्नत डेटा विश्लेषण प्रणाली, फोरेंसिक डेटा निकालने, डिक्रिप्शन और विश्लेषण की क्षमता, तकनीकी निगरानी और क्रिप्टोकरेंसी ट्रैकिंग के उपकरण मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि एएनटीएफ ने पंजाब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम (पीएआईएस 2.0) से अपनी तकनीकी क्षमता को और मजबूत किया है, जिसमें अपराधियों की 70 हजार से ज्यादा आवाजों का डेटाबेस है और आवाज विश्लेषण की सुविधा उपलब्ध है।महानिदेशक ने अभियान के नतीजे साझा करते हुए कहा कि 1 मार्च 2025 से अब तक पंजाब पुलिस ने 35,133 प्राथमिकी दर्ज की हैं और 50,238 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2229 किलोग्राम हेरोइन, 667 किलोग्राम अफीम, 28 टन पोस्त की भूसी, 68 किलोग्राम चरस, 783 किलोग्राम गांजा, 29 किलोग्राम आईसीई, 4 किलोग्राम कोकीन, 48.64 लाख नशीली गोलियां/टैबलेट और 16.68 करोड़ रुपए की ड्रग मनी जब्त की गई है।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, विंजो और उसकी सहयोगी कंपनी की 590 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त




नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनी विंजो प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की करीब 590 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून के तहत नियमों के उल्लंघन के कारण की गई है। ईडी के बेंगलुरु जोनल ऑफिस ने कंपनी के बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड बॉन्ड जैसी वित्तीय संपत्तियों को जब्त किया है। जांच में पाया गया कि ये संपत्तियां विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून के नियमों के खिलाफ रखी गई थीं।जांच में सामने आया कि विंजो ऑनलाइन रियल मनी गेम्स और जुआ से जुड़े 100 से अधिक गेम संचालित कर रही थी। कंपनी का दावा है कि उसके करीब 25 करोड़ यूजर्स हैं। कंपनी ने विदेश में अपनी सहयोगी कंपनियों, जैसे विंजो यूएस आईएनसी (अमेरिका) और विंजो एसजी पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर), में करीब 492 करोड़ रुपए (लगभग 54 मिलियन डॉलर) का निवेश किया था।ईडी की जांच में कई गंभीर तथ्य सामने आए। विदेश में बनाई गई कंपनियों के पास वहां कोई कर्मचारी या वास्तविक ऑफिस नहीं था। इन कंपनियों का पूरा संचालन भारत से ही किया जा रहा था।




इंडियन यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में शर्टलेस होकर विरोध प्रदर्शन किया।

## दिल्ली के AI समिट में यूथ कांग्रेस का जोरदार हंगामा, भारत मंडपम में टी-शर्ट खोलकर की नारेबाजी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित हो रहे हाई-प्रोफाइल 'एआई इम्पैक्ट समिट' (AI Impact Summit) में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद जमकर हंगामा देखने को मिला। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता सुरक्षा घेरा तोड़कर मुख्य हॉल के पास पहुंच गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आक्रामक नारेबाजी करते हुए "PM is Compromised" के नारे लगाने लगे। जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त समिट में देश-विदेश के कई दिग्गज नेता और प्रतिनिधि मौजूद थे। अचानक हुए इस बवाल के बाद सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, करीब 10 लोगों का समूह क्यूआर कोड (QR Code) के जरिए स्कैनिंग कर अंदर घुसा था, जिनमें से 4 से 5 लोगों को हिरासत में लेकर तिलक मार्ग थाने ले जाया गया है। पुलिस अब इस बात की भी गहनता से जांच कर रही है कि इतने कड़े पहरे के बावजूद यह लोग बैनर-पोस्टर लेकर अंदर तक कैसे पहुंच गए। इस ड्रामे के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर




तीखा प्रहार किया है। बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना को 'राष्ट्रीय शर्म' करार दिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एक तरफ भारत इस प्रतिष्ठित वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर तकनीकी क्षेत्र में अपना नेतृत्व और लोहा मनवा रहा है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने गरिमा के बजाय व्यवधान को चुना। मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर आयोजन स्थल पर जो हंगामा किया, वह स्पष्ट रूप से विश्व मंच पर भारत की छवि को खराब करने और देश को शर्मिंदा करने की एक सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन वैश्विक स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाना किसी का अधिकार नहीं है। गौरतलब है कि भारत मंडपम में चल रहा यह आयोजन ग्लोबल साउथ में भारत द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है, जिसने अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस मेगा इवेंट में 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 से ज्यादा वैश्विक एआई विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा, देश-विदेश के नीति-निर्माता, प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रतिनिधि, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के तमाम दिग्गज भी एक साझा मंच पर मौजूद हैं। इस समिट का मुख्य उद्देश्य इंडिया एआई मिशन और डिजिटल इंडिया पहल के तहत वैश्विक एआई संवाद को ठोस विकास परिणामों में बदलना है।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें! जम्मू से श्रीनगर के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन, जानें क्या है रेलवे का प्लान



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू से श्रीनगर तक सीधे वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। फिलहाल यह ट्रेन श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर तक चल रही है, लेकिन जल्द ही इसे जम्मू तक बढ़ाया जा सकता है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर चल रहा निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। प्लेटफॉर्म का विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के कारण सेवा शुरू होने में देरी हुई थी। अब काम अंतिम चरण में है और ट्रेन सेवा बहुत जल्द शुरू होने की संभावना है।वंदे भारत देश की आधुनिक अर्ध-उच्च गति वाली ट्रेनों में शामिल है। इसमें आरामदायक सीटें, वातानुकूलित डिब्बे, इंटरनेट सुविधा, बेहतर खानपान व्यवस्था और उन्नत सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध हैं। कटरा से श्रीनगर का सफर अब करीब तीन घंटे से थोड़ा अधिक समय में पूरा हो जाता है, जबकि सड़क मार्ग से यही दूरी तय करने में छह से सात घंटे या उससे अधिक समय लगता है। सूत्रों के मुताबिक, अगले सप्ताह या उससे पहले भी सेवा शुरू की जा सकती है। इससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बड़ा लाभ होगा। कश्मीर घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस सेवा का विस्तार महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कटरा-श्रीनगर मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की मांग लगातार बढ़ रही है। सर्दियों में बर्फबारी के बावजूद ट्रेन का संचालन जारी रहा, जिसे यात्रियों ने काफी सराहा। बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे डिब्बों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहा है। फिलहाल ट्रेन में 8 डिब्बे हैं, जिन्हें भविष्य में 20 तक बढ़ाया जा सकता है, ताकि अधिक यात्रियों को सुविधा मिल सके।

## हिमाचल प्रवेश-शुल्क ढाई गुना बढ़ा, शिमला और अन्य जिलों में वाहनों को देना होगा अधिक शुल्क

शिमला,(ए.)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्तीय दबाव को देखते हुए राज्य में प्रवेश करने वाले बाहरी राज्यों के वाहनों के लिए एंट्री फीस में भारी बढ़ोतरी का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने नई बैरियर नीति लागू करते हुए एंट्री टैक्स लगभग ढाई गुना तक बढ़ा दिया है। नई दरें एक अप्रैल से प्रदेश के 55 एंट्री बैरियरों पर लागू होंगी।नई दरों के अनुसार, बाहरी राज्यों से आने वाले सामान्य वाहनों को अब 170 रुपये एंट्री फीस देनी होगी, जबकि पहले यह 70 रुपये थी। 12 प्लस 1 सवारी क्षमता वाले वाहनों से भी 170 रुपये वसूले जाएंगे। हैवी वाहनों का शुल्क 720 रुपये से बढ़ाकर 900 रुपये कर दिया गया है।



निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली मशीनरी जैसे जेसीबी और अन्य भारी उपकरणों का शुल्क 570 रुपये से बढ़कर 800 रुपये हो गया है। ट्रैक्टरों का प्रवेश शुल्क 70 रुपये से 100 रुपये किया गया है। डबल एक्सल बस और ट्रक के लिए शुल्क यथावत 570 रुपये रहेगा। हिमाचल पंजीकरण वाले वाहनों पर कोई बदलाव नहीं होगा।मुख्य बैरियरों में सिरमौर का गोविंदघाट, नूरपुर का कंडवाल, ऊना का मैहतपुर, बद्दी, परवाणू और बिलासपुर के गरामोड़ा शामिल हैं। सरकार ने इन बैरियरों पर फास्टैग सिस्टम भी लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि शुल्क वसूली में पारदर्शिता और गति बनी रहे। सरकार का कहना है कि यह कदम वित्तीय संतुलन बनाने और राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए जरूरी था। हालांकि पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े लोगों का मानना है कि बढ़ी हुई फीस सैलानियों पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती है और पड़ोसी राज्यों की ओर रुख बढ़ सकता है।

## रणवीर सिंह धमकी मामला : अमेरिकी नंबर का इस्तेमाल कर हैरी बॉक्सर ने मांगे थे 10 करोड़ रुपए



मुंबई (आरएनएस)। अभिनेता रणवीर सिंह को हाल ही में बिश्नोई गैंग से मिली धमकी और रंगदारी के मामले में पुलिस अलर्ट मोड पर है। जांच में आए दिन नई-नई जानकारी प्राप्त हो रही है। लेटेस्ट अपडेट है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैरी बॉक्सर (हरी चंद जाट उर्फ हैरी बॉक्सर) ने व्हाट्सएप पर वॉयस नोट भेजकर रणवीर सिंह से 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। यह धमकी रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की घटना के ठीक बाद भेजी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि वॉयस नोट में हैरी बॉक्सर की आवाज है। यह मैसेज अमेरिकी नंबर से भेजा गया था, जिसके लिए पुलिस अमेरिकी एजेंसियों से संपर्क कर रही है। जांच में पता चला कि वॉयस नोट वीपीएन का इस्तेमाल करके विदेश से भेजा गया था। धमकी के बाद रणवीर सिंह की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्राइम ब्रांच रणवीर सिंह के मैनेजर का भी बयान दर्ज कर चुकी है और मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई एफआईआर नहीं की है, लेकिन प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। मामले को लेकर अन्य सबूत जुटाए जा रहे हैं।

रणवीर सिंह ने मैसेज मिलते ही तुरंत मुंबई पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, उनके घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए उनके आवास पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए। उनकी सुरक्षा को और मजबूत कर दिया गया था।

यह घटना रोहित शेट्टी के जूहू स्थित घर पर हुई फायरिंग से जुड़ी हुई मानी जा रही है, जहां कुछ दिन पहले गोलीबारी हुई थी। बिश्नोई गैंग ने पहले भी कई बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां भेजी हैं। हैरी बॉक्सर, जो बॉक्सर से गैंगस्टर बना, गैंग का सदस्य है और विदेश में छिपा हुआ माना जाता है।

मामले में यह जानकारी पहले ही सामने आ चुकी है कि धमकी देने वाले ने अपनी पहचान छुपाने के लिए वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का इस्तेमाल किया था।

## ज्वैलर से व्हाट्सएप पर मांगी फिरौती, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस ने आरोपी लादेन को दबोचा

जोधपुर/सरदारपुरा (आरएनएस)। जोधपुर में अपराधियों केखिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति का असर दिखने लगा है। सरदारपुरा इलाके में एक प्रतिष्ठित ज्वैलर को जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दस्तयाब कर लिया है। क्या है पूरा मामला सरदारपुरा 11 बी रोड निवासी ज्वैलर कमल सिंधी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 फरवरी की दोपहर को उनके पास एक अज्ञात व्यक्ति का व्हाट्सएप कॉल आया।धमकी और फिरौती: कॉल करने वाले ने ज्वैलर से फिरौती की रकम मांगी और पैसे न देने पर जान से मारने की गंभीर धमकियां दीं।

पुलिस की कार्रवाई: पीड़ित की शिकायत पर सरदारपुरा थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 308(4) और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया।

**पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में मिली सफलता**

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश जी के निर्देशन में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिरों की सहायता से आरोपी को ट्रैक किया।

आरोपी गिरफ्तार : पुलिस ने लादूराम मेघवाल उर्फ लादेन नाम के युवक को दस्तयाब किया है।

# शिवांगी ने पर्दे पर निभाया विधवा का चुनौतीपूर्ण किरदार, बोलीं- सादगी में भी सुंदरता



टीवी से लेकर फिल्मों तक अपनी अलग पहचान बना चुकी अभिनेत्री शिवांगी वर्मा वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने  के साथ खास बातचीत में सीरीज में अपने किरदार को लेकर बातें कीं। अभिनेत्री ने कहा, यह सीरीज बहुत पॉपुलर है। मैं हमेशा से ही इसकी फैन रही हूं और मुझे सीजन 3 में काम करने का मौका मिला।इसके लिए मैं मेकर्स की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे चुना और काबिल समझा। अभिनेत्री के एपिसोड का नाम मिडनाइट ब्राइड है। इसमें शिवांगी ने एक विधवा का किरदार निभाया है। उन्होंने बताया कि यह रोल उनके असली व्यक्तित्व से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा, असल जिंदगी में मैं काफी मॉडर्न और फैशनेबल हूं, लेकिन मेरा किरदार एक विधवा का है। समाज में विधवाओं को मेकअप न करने, रंग-बिरंगे कपड़े न पहनने और साधारण रहने की उम्मीद की जाती है। इस रोल को निभाते हुए मुझे पता चला कि सादगी में भी सुंदरता होती है और मैंने सोचा था कि अगर मेकर्स ने मुझे चुना है, तो इसमें अपना बेस्ट दूंगी। हालांकि, शूटिंग खत्म होने के बाद मुझे हर तरफ से खूब सराहना मिली थी।शिवांगी अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहती हैं। वे हमेशा अच्छी स्टोरीलाइन पर ध्यान देती हैं। उन्होंने बताया कि अगर कहानी इमोशनल है, तो वे और सारी चीजें भूल जाती हैं। उन्होंने कहा, अगर स्टोरी अच्छी है और एक्टर के तौर पर मुझे मौका मिल रहा है, तो मैं पूरा जोर लगाकर अच्छा परफॉर्म करती हूं। मैं महिला केंद्रित किरदारों को करने के लिए हमेशा तैयार हूं, क्योंकि ऐसे किरदारों में महिलाओं के अलग-अलग रूप दिखते हैं और काम करने में बहुत मजा आता है। उन्होंने बताया, मुझे रोमांटिक थ्रिलर करने की बहुत इच्छा है। अगर कोई अच्छी रोमांटिक थ्रिलर स्टोरी आए या फिर कोई बायोपिक, तो जरूर करना चाहूंगी।

## टॉक्सिक के नए पोस्टर ने बढ़ाई फैंस के दिलों की धड़कन, टीजर रिलीज की तारीख का भी एलान



यश, कियारा आडवाणी की टॉक्सिक, अपने दमदार टाइटल इंट्रो वीडियो के बाद से सबका ध्यान खींच रही है. फैंस इसके रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस इंतजार के बीच डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने फिल्म के टीजर का अनाउंस करके इस एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. यह फिल्म रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से क्लैश करेगी.

हफ्तों के इंतजार के बाद, मेकर्स ने  टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स के टीजर रिलीज की तारीख का एलान किया है. गीतू मोहनदास ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यश का नया पोस्टर शेयर किया और टीजर रिलीज डेट बताते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, टॉक्सिक का टीजर 20.02.2026, सुबह 9:35. टॉक्सिक 19-03-2026 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी.पोस्टर में यश अपने किरदार में नजर आ रहे हैं. वह खून से लथपथ बर्फीली जमीन पर खड़े दिख रहे हैं. एक्टर बोतल से पानी पीते हुए दिख रहे हैं. मलबे और तबाही के बीच उनका चेहरा थोड़ा छिपा हुआ है. नया पोस्टर इस बात को और पक्का करता हैं कि फिल्म एक डार्क, स्टाइलिश एक्शन ड्रामा है जो एक हिंसक और नैतिक रूप से अस्पष्ट दुनिया में सेट है.

# मैंने मेहनत, पैशन और प्यार के साथ निभाया दिल धोखा और डिजायर में अपना किरदार : आकांक्षा चमोला

एक्ट्रेस और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ओटीटी डेब्यू कर चुकी हैं। स्ट्रिमिंग प्लेटफॉर्म शेमारू मी की वेब सीरीज दिल धोखा और डिजायर में वह खास अंदाज में नजर आईं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। आकांक्षा ने बताया कि वह सही समय का इंतजार कर रही थीं। दिल धोखा और डिजायर से डिजिटल डेब्यू कर रहीं आकांक्षा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताया है और कहा है कि वह अपने काम के चुनाव को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं। आकांक्षा ने बताया, अपनी जर्नी के इस मोड़ पर ओटीटी स्पेस में कदम रखना बहुत खास लग रहा है। मैंने इस वेब सीरीज में बहुत मेहनत, पैशन और प्यार डाला है। उम्मीद है कि दर्शक मालिनी और उनकी जर्नी को उतनी ही प्यार से अपनाएंगे। सीरीज में आकांक्षा मालिनी का किरदार निभा रही हैं, जो कहानी का केंद्र है। मालिनी मजबूत होने के साथ कमजोर भी है, हिम्मत वाली है लेकिन उलझनों में भी फंसी है। आकांक्षा कहती हैं, यह रोल मुझे इमोशनली चैलेंज करता है। मालिनी रियल और कई कमियों वाली है।

उन्होंने आगे कहा,  मैं सही स्क्रिप्ट और सही रोल का इंतजार कर रही थी और अब लगता है कि इंतजार सही था। मैं अपने काम को लेकर बहुत जागरूक हूं। इस कैरेक्टर ने मुझे क्रिएटिवली उत्साहित किया क्योंकि इसमें अलग-अलग शेड्स हैं। मेरा किरदार प्यार करने वाली, गुस्सैल, कमजोर, कभी-कभी मैनिपुलेटिव भी है। मालिनी आपको पसंद आएगी।

दिल धोखा और डिजायर एक दिलचस्प कहानी है, जहां प्यार जुनून में बदल जाता है और महत्वाकांक्षाओं की सभी सीमाओं को तोड़ देती है। यह प्यार, धोखा, आकर्षण, नियंत्रण और बदले के जटिल रिश्तों पर आधारित है।



मालिनी का सफर कहानी में इमोशनल गहराई और नयापन जोड़ता है। सीरीज में आकांक्षा के साथ कुंवर अमर औरअली हसन मुख्य भूमिकाओं में हैं।

आकांक्षा ने हाल ही में छोटे पर्दे पर टीवी शो कैसे मुझे तुम मिल गए से वापसी की है।

## मर्डर मिस्ट्री लेकर आ रहे हैं श्रीविष्णु.. राजामौली ने लॉन्च किया मृत्युंजय का टीजर, 27 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

टॉलीवुड के बहुमुखी अभिनेता श्रीविष्णु नवीनतम जासूसी थ्रिलर मृत्युंजय में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म यूनिट ने टीज़र जारी कर दिया है। इस रोमांचक टीज़र को जाने-माने निर्देशक एस.एस. राजामौली ने जारी किया और फिल्म यूनिट को बधाई दी। फिल्म में श्रीविष्णु एक शक्तिशाली पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगे जो एक रहस्यमय हत्या के मामले को सुलझाते हैं। फिल्म की रोमांचक कहानी यह है कि कैसे नायक एक ऐसी घटना के पीछे की सच्चाई का पता लगाता है जिसे हर कोई एक दुर्घटना मानता है। सुकुमार के शिष्य हुसैन शाह किरण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में समाजावरगमना फेम रेबा मोनिका जॉन मुख्य भूमिका में हैं, जिनके साथ श्रीविष्णु मुख्य भूमिका में हैं।



# बॉक्स ऑफिस पर छठे दिन भी 'ओ रोमियो' का रहा जलवा, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 में दिखी कांटे की टक्कर

इस वीक भी सिनेमाघरों में दर्शकों के एंटरटेनमेंट के लिए अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में मौजूद रहीं. इनमें से नई फिल्मों ने जहां वीकेंड तक खूब धमाल मचाया तो वीकडेज में इनके कलेक्शन में मंदी भी देखी गई. वहीं कुछ हफ्ते पुरानी फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने की कोशिश करती दिखी. इसी के साथ बता दें कि शाहिद कपूर की नई रिलीज ओ रोमियो बॉक्स ऑफ़िस पर लगातार आगे बढ़ रही है. लेकिन शनाया कपूर की तू या मैं ने दम तोड़ दिया है. वहीं कुछ हफ्ते पुरानी रिलीज़, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 में कांटे की टक्कर दिख रही है. ऐसे में चलिए यहां जान लेते हैं कि बुधवार को इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की है?

शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की जोड़ी की चौथी फिल्म ओ रोमियो ने अपनी रिलीज के पहले दिन 8.5 करोड़ रुपये के साथ अच्छी शुरुआत की थी. इसके बाद शनिवार को फिल्म ने 12.65 करोड़ रुपये कमाए, लेकिन रविवार को इसकी कमाई घटकर 9 करोड़ रुपये रह गई. असली मंदी वीकडेज़ में आई. सोमवार को यह 4.85 करोड़ रुपये पर आ गई हालांकि मंगलवार को थोड़ी रिकवरी के साथ फिल्म ने 5.35 करोड़ रुपये कमाए. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को इस फिल्म ने 3.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसी के साथ इसकी 6 दिनों की कुल कमाई अब 43.85 करोड़ रु पुराने टाइटल्स को देखें तो, सनी देओल, वरुण धवन और बाकी कलाकारों की लीडिंग फिल्म बॉर्डर 2 अब अपने चौथे हफ्ते को पूरा करने वाली है. इसके तीसरे हफ्ते का कुल कलेक्शन  23.35 करोड़ रहा था. वहीं चौथे वीक में रोज़ाना के ट्रेंड में कुछ उतार-चढ़ाव दिखा. जहां चौथे  शुक्रवार को इसने 0.8 करोड़ तो चौथे शनिवार को 1.9 करोड़ की कमाई की थी. इसके बाद चौथे रविवार का कलेक्शन 1.4 करोड़, चौथे सोमवार का 0.6 करोड़ और चौथे  मंगलवार का  0.8 करोड़ रुपये रहा. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने चौथे बुधवार को 0.55 करोड़  का कलेक्शन किया है. इसी के साथ इस फिल्म का भारत में 27 दिनों की टोटल कमाई अब 323.80 करोड़ हो गई है.




# द केरल स्टोरी 2 को सेंसर बोर्ड ने किया पास, निर्माता विपुल शाह ने जताया आभार

फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड का ट्रेलर जब से जारी किया गया है, यह विवादों में फंस गई है। हाल ही में, केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने आलोचना करते हुए इसपर झूठा प्रचार करने क आरोप लगाया। इन विवादों के बीच, सेंसर बोर्ड ने फिल्म को हरी झंडी दिखा दी है। सीबीएफसी ने प्रमाणपत्र के तहत 14 साल से ज्यादा उम्र के दर्शकों को फिल्म देखने की अनुमति दी है।द केरल स्टोरी 2 को अंडर ए प्रमाणपत्र देते हुए पास किया गया है। निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने बोर्ड के इस फैसले पर राहत और संतोष जताते हुए आभार व्यक्ति किया है। उन्होंने कहा, यह उस इरादे और ईमानदारी पर उनके विश्वास को दर्शाता है जिसके साथ हमने यह कहानी सुनाई है। यह फैसला विशेष रूप से अहम है, क्योंकि इससे हमें देशभर की युवा लड़कियों और परिवारों तक पहुंचने का मौका मिलता है।

# अपनी डाइट में इन तरीकों से शामिल करें मल्टीग्रेन, स्वास्थ्य के लिए हैं फायदेमंद

मल्टीग्रेन पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि पाचन को सुधारने, वजन नियंत्रित करने और ऊर्जा बढ़ाने में भी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे मल्टीग्रेन के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन रोजाना करने से आपको कई बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है।

## बाजरा



बाजरा एक ऐसा अनाज है, जो बिना ग्लूटेन के होता है और इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है और वजन नियंत्रित करने में भी सहायक है। बाजरे का सेवन करने से शरीर को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स भी मिलते हैं। आप इसे सलाद में डाल सकते हैं या फिर इसे दलिया के रूप में भी ले सकते हैं।

## ज्वार

ज्वार भी बिना ग्लूटेन के होता है और इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह प्रोटीन का अच्छा स्रोत भी है, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। ज्वार का सेवन करने से दिल की बीमारी का खतरा कम हो सकता है और रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी मदद मिल सकती है। आप इसे दालों के साथ या फिर खिचड़ी के रूप में भी बना सकते हैं।

## रागी

रागी एक ऐसा मल्टीग्रेन है, जो कैल्शियम और आयरन से भरपूर होता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है और खून की कमी से बचाए रखने में भी सहायक है। रागी का सेवन करने से वजन नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है और त्वचा को भी पोषण मिल सकता है। आप इसे खीर या फिर इडली के रूप में खा सकते हैं।

## ओट्स

ओट्स में एक खास प्रकार का फाइबर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा ये मधुमेह के जोखिम को कम करने में भी सहायक हैं। ओट्स का सेवन करने से पाचन क्रिया भी स्वस्थ रहती है। आप इसे दलिया के रूप में खा सकते हैं या फिर इसे कुकीज और ब्रेड के रूप में भी बना सकते हैं।

## क्विनोआ

क्विनोआ एक ऐसा अनाज है, जिसमें सभी प्रकार के जरूरी अमीनो एसिड पाए जाते हैं। यह प्रोटीन का अच्छा स्रोत होने के साथ-साथ फाइबर से भरपूर होता है। क्विनोआ का सेवन करने से पाचन क्रिया स्वस्थ रहती है और वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। क्विनोआ को आप पुलाव या फिर सलाद के रूप में खा सकते हैं। इसके अलावा आप इसे अपने किसी भी व्यंजन के साथ जोड़ सकते हैं।

# ब्रेकफास्ट के लिए बेहतरीन विकल्प है ब्रोकली चीला, जानिए इसकी रेसिपी



ब्रोकली एक ऐसी सब्जी है, जो अपने पोषक तत्वों के लिए जानी जाती है। आमतौर पर लोग इसे सूप या सब्जी के रूप में खाते हैं। क्या आप जानते हैं कि ब्रोकली से चीला भी बनाया जा सकता है? जी हां, ब्रोकली का चीला एक स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो आपके सुबह के नाश्ते को खास बना सकता है। आइए इसकी रेसिपी जानते हैं।

## ब्रोकली चीला बनाने के लिए जरूरी चीजें

ब्रोकली चीला बनाने के लिए आपको कुछ मुख्य चीजें चाहिए होंगी, जैसे कि ब्रोकली (फूलों में कटी हुई), बेसन, दही, हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), अदरक का पेस्ट, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, जीरा, धनिया पत्तियां और तेल। आप चाहें तो इसमें और भी सब्जियां डाल सकते हैं, जैसे गाजर, शिमला मिर्च, प्याज आदि। इन चीजों को मिलाकर आप एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता तैयार कर सकते हैं।

## ब्रोकली को कैसे तैयार करें?

सबसे पहले ब्रोकली को छोटे-छोटे फूलों में काट लें। अगर आपके पास पहले से ही कटी हुई ब्रोकली हो तो उसे इस्तेमाल करें। इसके बाद ब्रोकली के फूलों को मिक्सी में पीस लें ताकि वे बारीक पेस्ट बन जाएं। ध्यान रखें कि पेस्ट इतना पतला न हो कि पानी निकलने लगे, बस इसे हल्का सा दरदरा रखें। इससे चीला का टेक्सचर अच्छा आएगा और इसका स्वाद भी बढ़ जाएगा।

## घोल तैयार करें

ब्रोकली पेस्ट के साथ-साथ आपको एक घोल भी तैयार करना होगा। इसके लिए एक बड़े बर्तन में बेसन, दही, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और जीरा डालकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण में पीसी हुई ब्रोकली डालें और पानी की मदद से इसे घोल बनाएं। घोल इतना गाढ़ा होना चाहिए कि जब चम्मच उठाएं तो मिश्रण चम्मच पर चिपके। इसके बाद इस घोल को कुछ मिनट के लिए ढककर रख दें ताकि सभी मसाले अच्छे से मिल जाएं।

## चीला कैसे सेंके?

अब गैस पर तवा गर्म करें और उस पर थोड़ा तेल फैलाएं, फिर एक करछी भर घोल लेकर तवे पर फैलाएं। इसे दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंकें। इसी प्रकार सारे चीले तैयार कर लें। आप चाहें तो इन्हें तेल की बजाय घी में भी सेंक सकते हैं, जिससे इनका स्वाद और भी बढ़ जाएगा। अब तैयार चिल्लों को गर्मागर्म परोसें और इसका आनंद लें।

# नर्मदे हर से गुंजाएमान हुआ मां नर्मदा का तट सेठानी घाट और सतरस्ता माता महाकाली मंदिर परिसर

**माँ नर्मदा के पूजन एवं चल समारोह के साथ आचार्य पं परसाई के सानिध्य में रवाना हुई माँ नर्मदा की परिक्रमा यात्रा**



नर्मदापुरम (निप्र)। प्रात: काल मां नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट पर आचार्य पं सोमेश परसाई के आचार्यत्व में मां नर्मदा की पूजा अर्चना अभिषेक और नर्मदे हर के जयघोष के साथ मां नर्मदा की आध्यात्मिक परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ हुआ। आचार्य पं परसाई के सान्निध्य में सैंकडों श्रद्धालु सेठानी घाट से ससंगीत रामधुन के साथ मुख्य मार्ग से सतरस्ता पहुंचे। जहां पर माता महाकाली की पूजन अर्चन की गई। सतरस्ते पर सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में नर्मदेहर का जयकारा लगाया। समूचा सतरस्ता नर्मदेहर के जयकारे से गुंजाएमान हो गया। माता महाकाली सतरस्ता समिति द्वारा सभी परिक्रमा में जाने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा और पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया इस चल समारोह में शहर के सैंकड़ो श्रद्धालु जिनमें परिक्रमा जाने वाले श्रद्धाओं के परिजन भी श्रद्धाभाव के साथ शामिल हुए। सभी का शहर के नागरिकों ने मुख्य मार्ग पर तथा सतरस्ते पर समिति अध्यक्ष प्रकाश शिवरहे बलराम शर्मा व समिति सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया।

### राज्यसभा सांसद श्रीमती नारोलिया ने सतरस्ता पर लिया संकल्प

मां नर्मदा के तट पर सभी परिक्रमा में जाने वाले श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया भी वहां पर पूजन में शामिल हुई। लेकिन उन्होंने वहां पर कोई संकल्प नहीं लिया लेकिन सतरस्ता तक पहुंचते पहुंचते उनका मन भी मां नर्मदा की परिक्रमा यात्रा में शामिल होने के लिए हुआ। उन्होंने अपने बेटे विकास नारोलिया से सलाह ली तथा परिक्रमा में जाने के लिए कहा तो बेटे ने सहजता से उन्हें शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उनके साथ और भी अन्य लोगों ने परिक्रमा यात्रा में शामिल हो गए।

### शताधिक श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

नर्मदापुरम वाहन से परिक्रमा यात्रा के लिए शताधिक श्रद्धालुओं का जत्था शामिल हुआ है। जिनमें सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष मीना वर्मा, नर्मदा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ ओएन चौबे, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित, सहित अनेक दंपत्ति रवाना हुए हैं। लगभग 20 दिन में परिक्रमा पूर्ण होगी।

## भगवान श्री चित्रगुप्त की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने की मातृ शक्ति ने की अपील

नर्मदापुरम (निप्र)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम महिला प्रकोष्ठ ने आगामी 24-25 फरवरी को भगवान श्री चित्रगुप्त जी के नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी समाजजनों नागरिकों को परिवार सहित शामिल होने की अपील की है।



महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लता सक्सेना ने बताया कि हमारी महिला कार्यकारिणी ने पूरी तैयारी कर ली है। कार्यकारिणी एवं सभी सामाजिक महिलाओं से अनुरोध है कि वो 24 फरवरी को सुबह सात बजे पीली साड़ी पहनकर विवेकानंद घाट पर पहुंचे वहां से हम सभी पवित्र मां नर्मदा का जल भरकर कलश यात्रा निकलेंगे। हमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होना है। मंदिर को सजाने हेतु हम सभी महिलाएं एक दिन पूर्व 23 फरवरी की शाम 4 बजे मंदिर परिसर में एकत्रित होना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यकारिणी में जय वाला निगम, लता सक्सेना,मीनाक्षी निगम, सीमा कुलश्रेष्ठ, कल्पना सक्सेना प्रतिभा खरे,अनुजा श्रीवास्तव रक्षा श्रीवास्तव रश्मि कुलश्रेष्ठ सपना श्रीवास्तव कल्पना श्रीवास्तव नेहा श्रीवास्तव जयश्री श्रीवास्तव नीलम कुलश्रेष्ठ सुलेखा श्रीवास्तव मृदुला वर्मा रमा श्रीवास्तव अनीता श्रीवास्तव पिपरिया। विजय श्रीवास्तव बाबई दीपिका सक्सेना सिवनीमालवा संगीता श्रीवास्तव बनखेड़ी शिल्पी श्रीवास्तव इटारसी एवं मार्गदर्शक ज्योत्सना खरे हंस सक्सेना अरुण प्रभा कुलश्रेष्ठ विजयश्री निगम आदि ने की है।

## समेरिटंस विद्यालय में संपूर्ण वंदे मातरम गायन आरम्भ



नर्मदापुरम। समेरिटन्स विद्यालय सांदीपनी परिसर चक्कर रोड मालाखेड़ी में शुक्रवार से संपूर्ण वंदे मातरम गीत का गायन आरम्भ हो गया है। ज्ञात रहे कि हाल ही में भारत सरकार ने सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में राष्ट्रीय गान जन गण मन की तरह राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाना भी अनिवार्य किया है। साथ ही इसकी आदर्श आचार संहिता भी जारी की है। संस्था के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने बताया कि अभी संस्था की मुख्य शाखा में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया गया। इसका गायन केंद्र सरकार की आचार संहिता के अनुसार ही किया जा रहा है। शीघ्र ही अन्य शाखाओं में भी इसे अनिवार्य कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में राष्ट्र भक्ति की भावना बढ़ेगी और ऊर्जा का संचार होगा।

## स्कूली बच्चों के आधार अपडेट हेतु अप्रैल में चलेगा विशेष अभियान सीईओ जिला पंचायत ने दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले के नागरिकों को आधार सेवाओं का निर्बाध लाभ दिलाने और तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आज कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में तृतीय जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (CEO ZP) की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में आधार सेवाओं की पहुंच और यूआईडीएआई के नए कड़े प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक जिले के समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों में विशेष अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (MBU) अभियान चलाया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि 5 और 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। बच्चों का समय पर अपडेट न होने पर आधार निष्क्रिय होने का जोखिम रहता है। बैंकों में आधार केंद्रों का विस्तार: अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक (LDM) को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक नगरीय निकाय की कम से कम एक बैंक शाखा में आधार केंद्र का संचालन सुनिश्चित करें।

### विकसित भारत का शुभंकर

# सांसद नारोलिया ने गृह मंत्री शाह से भेंट कर भारत टैक्सी पहल का किया अभिनंदन

**सहकारिता से समृद्धि: नई दिल्ली में मंत्री शाह से मिलीं सांसद नारोलिया स्वदेशी संकल्पों पर हुई चर्चा**

**नूतन आयाम गढ़ेगा भारत टैक्सी प्रकल्प नारोलिया ने मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को सराहा**

नर्मदापुरम/ नई दिल्ली । गत दिवस मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने देश की राजधानी नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई इस भेंट के दौरान राष्ट्रहित और जनसेवा से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। मुलाकात के दौरान सांसद श्रीमती नारोलिया ने सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाले अभिनव प्रयोग भारत टैक्सी जैसे प्रकल्पों के लिए मंत्री श्री शाह का विशेष रूप से अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से परिवहन क्षेत्र में यह पहल न केवल सेवा के नए आयाम स्थापित



करेगी, अपितु विकसित भारत की गौरवमयी यात्रा में एक शुभंकर; मंगलकारी कदम सिद्ध होगी। श्रीमती नारोलिया ने बल देते हुए कहा कि सहकार से अंत्योदय के संकल्प को चरितार्थ करने वाले ऐसे प्रयास स्वदेशी की भावना को सशक्त और सुदृढ़ता प्रदान करेंगे। चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने जनसेवा के संकल्पों की सिद्धि हेतु अपना अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। सांसद माया नारोलिया ने इस आत्मीय भेंट के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायी और ऊर्जावान बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे ये युगांतरकारी सुधार राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक ढांचे को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे।

## श्री सिंह ने मप्र के बजट की मुक्तकंठ से की सराहना




नर्मदापुरम (निप्र)। मप्र सरकार द्वारा गत दिनों पेश किए बजट की मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मुक्तकंठ से सराहना की। भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में मंत्री ने बजट की अनेक खूबियां गिनाई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी, मीडिया प्रभारी अमित महाला सहित अनेक भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिम और फिटनेस सेंटरों में नियमित निरीक्षण कराने के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट को लिखा पत्र

**एआसीपीओ भारत सरकार से सम्बद्ध के उपाध्यक्ष डॉ तोमर ने उठाया मुद्दा**

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर में विभिन्न संचालित जिमों और फिटनेस केंद्रों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए एआसीपीओ भारत सरकार सम्बद्ध के उपाध्यक्ष डॉ मयंक तोमर ने सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र कुमार सिंह को पत्र लिखकर कहा कि आजकल युवा इंजेक्शन ले रहे हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली दवाएं ले रहे हैं ताकि वे आसानी से और कम समय में मांसपेशियों को मजबूत बना सकें जिससे उनके शरीर और मस्तिष्क दोनों पर बुरा असर पड़ रहा है। कुछ जिम संचालकों के पास पुरानी मशीनें हैं जिनकी समय.समय पर फिटनेस जांच आवश्यक है। युवा मांसपेशियों को मजबूत बनाने वाली गोलियां खाकर नशा के आदी हो रहे हैंए इसलिए प्रशासन को इन सब को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपयें के दण्ड से किया दंडित

नर्मदापुरम (निप्र)। आरक्षीकेन्द्र इटारसी के अपराध कमांक 0569-22 धारा 302, 307,294, 506 दप्रस 1880 एवं धारा 3.2.व्ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 मनोज कुमार के द्वारा प्रकरण कमांक एसीएटीआर 138,2022 में द 20 फरवरी 2026 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी गोविंद उर्फ छोटू भदौरिया पुत्र राजू सिंह भदौरिया निवासी इटारसी को धारा 302 दप्रस में आजीवन कारावास, धारा 307 दप्रस में 10 वर्ष की सजा, आयुध अधि नियम की धारा 25.1.बी में दो वर्ष का कारावासए धारा 27 आयुध नियम में तीन वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 3.2.व्ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत आजीवान कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से सत्येन्द्र सिंह पटेल अपर लोक अभियोजक के द्वारा पैरवी की गई।

अपर लोक अभियोजक सत्येन्द्र सिंह पटेल द्वारा बताया गया कि दिनांक 19-08-22 को रात करीब 11 बजे फरियादी नितेश बौरासी अपने साथी अज्जू गौड मनीष राजपूत के साथ अनिता पत्नि मोनो से मनीष की पुरानी उधारी के पैसे मांगने की बात कर रहे थे तभी वहां मौजूद छोटू उर्फ गोविंद भदौरिया ने अज्जू से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद करने लगा था। विवाद बढने लगा तो अज्जू के भाई भानू भदौरिया को विवाद की जानकारी देकर आने को कहा तभी भानू, सनमान सिंह, राजेश मराठा के साथ निलोफर के घर के सामने आये तो छोटू उर्फ गोविंद ने नीलोफर के घर के सामने आम रास्ते पर अपने हाथ में रखे खटकेदार, धारदार, नुकीले चाकू को खोलकर अज्जू को सीने में बार कर जान से मारने की नियत से मारा, जो अज्जू के सीने में गुस गया, वह अज्जू को बचाने दौडा तो छोटू ने उससे बोला कि तेरे को भी निपटाता हूँ और जान से मारने की नियत से छोटू को भी चाकू से मारा उसके बाये कंधे नीचे सीने पर लगकर खून निकलने लगा था, अज्जू जमीन पर गिरकर तडपने लगा था फरियादी भी जमीन पर गिर गया था तब वहां मौजूद मनीष राजाबत भानूसिंह सनमान सिंह व राजेश मराठा उसे लेकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल इटारसी गये थे। अस्पताल में डॉक्टर ने अज्जू को चेक करके उसकी मृत्यु होना बताया था। फरियादी का इलाज चल रहा है और अज्जू की मौत हो गई है। उक्त प्रकरण का विचारण विशेष न्यायाधीश के समक्ष किया गया।

## प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योजना क्रियान्वयन करें और शत प्रतिशत उपलब्धि करें सुनिश्चितः मुख्य सचिव श्री जैन

**कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा**

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के विकास कार्यों को प्रमुखता दे। मुख्य सचिव श्री जैन ने मंत्रालय में कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि केंद्र प्रवर्तित योजनाओं और निर्माण कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करें। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योजना बनाकर क्रियान्वयन में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया जाना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्रामीण विकास एवं जनजातीय कार्य की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना में चयनित गांवों को बुनियादी सुविधाओं, गौपालन और डेयरी विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर और आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए 31 मार्च तक विजन डॉक्यूमेंट को पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा में उन्होंने पंचायत स्तर पर नए राजस्व स्रोतों को विकसित करने पर जोर दिया।

## संकल्प से समाधान अभियान्य के तहत दिव्यांगता जांच शिविर संपन्न 35 बच्चों के बने प्रमाण पत्र

इटारसी(निप्र)। नगर पालिका परिषद इटारसी एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 20 फरवरी 2026 को राठी अस्पताल प्रांगण में विशेष दिव्यांगता जांच एवं प्रमाणन शिविर का सफल आयोजन किया। संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शासन की जनहितकारी योजनाओं से जोडना रहा।

### सुव्यवस्थित संचालन और विशेषज्ञ जांच

यह शिविर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सफदर खान ी देखरेख में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञों ने शिविर में आए बच्चों का सूक्ष्म परीक्षण किया।

### 35 बच्चों का हुआ प्रमाणन

शिविर के दौरान कुल 35 बच्चों की जांच कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए जिनमें अस्थि बाधित 22 बच्चे मानसिक दिव्यांगता 09 बच्चे अल्प दृष्टि 03 बच्चे श्रवण बाधित 01 बच्चा शामिल है।

### योजनाओं से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि कई बच्चे प्रमाण पत्र के अभाव में शिक्षाए छात्रवृत्ति और पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इस शिविर के माध्यम से अब इन पात्र बच्चों को शासन की सभी कल्याणकारी सुविधाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। इस मानवीय पहल की नगरवासियों ने सराहना की हैए जिससे दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की राह आसान हुई है।


## कार्य में लापरवाही बरतने पर आमगांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्त

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नर्मदापुरम के द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर बनखेड़ी के आमगांव की आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती शशि पटेल की सेवा समाप्त कर दी गई है।उल्लेखनीय है कि संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप पर प्री-स्कूल एजुकेशन अंतर्गत 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। जबकि विभागीय निर्देशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रतिदिन पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों की उपस्थिति एवं संबंधित जानकारी दर्ज करना अनिवार्य है।विभाग द्वारा इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए उक्त कार्रवाई की गई है।

## एकलव्य वेयरहाउस में मूंग चोरी पर वेयरहाउस संचालकों पर एफआईआर दर्ज

नर्मदापुरम (निप्र)। एकलव्य वेयर हाउस में गत दिवस 9899 बोरी मूंग चोरी (गायब होने) की घटना की लिखित शिकायत करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक मप्र वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन अतुल सोरटे ने एकलव्य वेयरहाउस की संचालिका श्रीमती आरती तोमर पति नरेंद्र तोमर एवं अमित तोमर तथा चौकीदार अमर कोल के विरुद्ध थाना माखन नगर में एफआईआर दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि एकलव्य वेयर हाउस में रखे हुए 9899 बोरी मूंग जिसका मूल्य 04 करोड़ 22 लाख 21 हजार 710 रुपए है एकलव्य वेयरहाउस से नदारद पाया गया है।

## वरिष्ठ जनों के लिए हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर का किया गया आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। गत दिवस नर्मदापुरम जिले में आयुक्त आयुष विभाग भोपाल, आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल, कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ श्रीराम करोजिया के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन वरिष्ठ जनों के लिए हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रोटरी क्लब रामवृद्ध कल्याण जन समिति न्यास कॉलोनी इटारसी एवं पिपरिया में नगर पालिका वृद्धा आश्रम बस स्टैंड पिपरिया पर आयोजित किया गया। शिविर में योग प्राणायाम, आयुर्वेद संबंधी प्रश्नोत्तरी, घरेलू एवं औषधियां इलाज का महत्व, मानसिक मनोबल आदि बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव एवं क्रियाविधि में की गई। जिले से आए आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों के द्वारा परीक्षण कर निशुल्क औषधीय प्रदान की गई।

### खुशियों की दास्तां

# मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए बन रही वरदान

**योजनान्तर्गत नर्मदापुरम के 03 बच्चों का अहमदाबाद में हुआ सफल ऑपरेशन**

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को नि:शुल्क उपचार एवं सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन का अवसर मिल रहा है।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत जे.पी. चिकित्सालय भोपाल में सत्यसाई हॉस्पिटल अहमदाबाद द्वारा आयोजित बाल हृदय स्वास्थ्य शिविर में नर्मदापुरम से 25 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ जे.पी. हॉस्पिटल भोपाल पहुँचे। जिनमें से 19 बच्चे हृदय रोग सर्जरी हेतु चयनित किये गये हैं। डॉ उमेश सिंह आरबीएसके चिकित्सा अधिकारी के साथ 3 बच्चे हृदय रोग सर्जरी कराने के लिए अहमदाबाद हेतु रवाना हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत 11 वर्ष पिता भागीरथ अहिरवार महुआखेड़ाखुर्द सोहागपुर, हरि बाई 8 वर्ष पिता मोहन सिंह किशनपुर भौंखेड़ीकला सोहागपुर,दिशा महोविया 7 वर्ष पिता अमित महोविया वार्ड नं 01 इटारसी का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत संपन्न हुआ। सभी बच्चे तथा उनके परिजन सफल ऑपरेशन उपरांत सकुशल रेलवे के माध्यम से वापस जिले में पहुंचे। बच्चों के परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत, जिला समन्वयक कविता साल्वे सहित समस्त जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र नर्मदापुरम स्टॉफ का आभार व्यक्त किया है।



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com